संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -87 रविवार, 28 जनवरी 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बिहार की राजनीति में सियासी हलचल

## बिहार में अभी खेल होना बाकी है सियासी हलचल के बीच तेजस्वी यादव का बड़ा दावा

**पटना,27 जनवरी 2024 (ए)।** बिहार की राजनीति में फिर कुछ बड़ा होने वाला है और सियासी गलियारों में यह चर्चा आम है कि नीतीश कुमार महागठबंधन का दामन छोड़कर एकबार फिर एनडीए में आ सकते हैं। राज्य की राजधानी में बैठकों का दौर भी जारी है और इसी कड़ी में राबड़ी आवास पर आरजेडी की बैठक हुई है, जिसके बाद तेजस्वी यादव ने बड़ा दावा किया है।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी के अलावा राज्य विधानमंडल के सदस्यों सहित वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। सूत्रों के मुताबिक, तेजस्वी यादव ने बैठक में मौजूद पार्टी के नेताओं से कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सम्माननीय हैं। लेकिन कई चीजें हैं जो उनके नियंत्रण में नहीं हैं. साथ ही उन्होंने कथित तौर पर कहा, बिहार में अभी खेल होना बाकी है।

तेजस्वी यादव ने कहा, सीएम नीतीश कुमार सम्मानजनक थे और हैं। महागठबंधन में आरजेडी के सहयोगियों ने हमेशा मुख्यमंत्री का सम्मान किया है.



सूत्रों ने आगे बताया कि तेजस्वी ने राज्य में कई अप्रत्याशित राजनीतिक घटना के संकेत भी दिए हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे साथ मंच पर बैठते थे और पूछते थे, 2005 से पहले बिहार में क्या था? मैंने कभी प्रतिक्रिया नहीं दी। अब, अधिक लोग हमारे साथ हैं. दो दशकों में जो कुछ भी अधूरा रह गया था, हम उसे हासिल करने में कामयाब रहे. यह बहुत कम समय में किया गया- चाहे वह नौकरियां हों, जाति जनगणना हो, आरक्षण बढ़ाना आदि हो।

### बिहार विधानसभा का क्या है समीकरण?

अभी के हालत में अगर नीतीश बीजेपी के साथ जाते हैं तो एनडीए के पक्ष में 127 विधायकों का समर्थन है। वहीं एआईएमआईएम के बचे हुए एक विधायक को अगर जोड़ दें तो राजद गठबंधन के पास 115 विधायकों का समर्थन हासिल है. बिहार विधानसभा में जादुई आंकड़ा 122 है।

### जादुई आंकड़े तक पहुंचने की राजद की कोशिश

नीतीश कुमार के आरजेडी से नाता तोड़ने की अटकलों के बीच राजद ने 122 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए 8 और विधायकों को साधने की कवायद शुरू कर दी है. । राजद+कांग्रेस+लेफ्ट की सीटों को मिला लिया जाए तो 79+19+16 यानी 114 का नंबर बनता है। मतलब साफ है बहुमत के लिए 8 विधायकों की कमी है। लालू खेमा इन्हीं 8 विधायकों को साधने में जुट गया है. वहीं, नीतीश कुमार जेडीयू के प्रमुख नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं।

## कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीशों के टकराव के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने सभी फैसलों पर लगाई रोक



### बंगाल सरकार को भी नोटिस जारी

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की ओर से साथी न्यायाधीश सौमेन सेन के खिलाफ लगाए गए कदाचार के आरोपों पर स्वतः संज्ञान लिया है। मामले पर आज सुनवाई करते हुए कोर्ट ने बंगाल सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

### सभी मामलों पर रोक

दरअसल, सरकारी मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में आरक्षित श्रेणी के फर्जी प्रमाणपत्र जारी करने और एमबीबीएस उम्मीदवारों के प्रवेश में कथित अनियमितताओं से संबंधित एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के समक्ष सभी कार्यवाही पर रोक लगा दी।

### अब सोमवार को फिर सुनवाई

एक विशेष सुनवाई में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, बीआर गवई, सूर्यकांत और अनिरुद्ध बोस की पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने मामले में पश्चिम बंगाल सरकार और मूल याचिकाकर्ता को नोटिस जारी किया।

कोर्ट ने मामले में एकल-न्यायाधीश पीठ और खंडपीठ द्वारा पारित आदेशों पर भी रोक लगा दी। पीठ ने कहा कि हम इस पर सोमवार को विचार करेंगे।

### दो जजों में विवाद

इससे पहले हाईकोर्ट की खंडपीठ ने इस मामले की सीबीआई जांच के एकल पीठ के आदेश पर रोक लगा दी थी।इसके बाद न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने न्यायमूर्ति सौमेन सेन पर राज्य में विशेष राजनीतिक दल के लिए काम करने का आरोप लगाया।

## संक्षिप्त खबरें

### ईडी ने हेमंत सोरेन को 10 वीं बार भेजा समन



**कहा-29 से 31 जनवरी के बीच आप हाजिर हों अन्यथा...**

**रांची,27 जनवरी 2024 (ए)।** ईडी ने झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन को एक बार फिर समन भेजा है। उनसे यह बताने को कहा गया है कि वह 29 जनवरी से 31 जनवरी के बीच कब और किस स्थान पर पूछताछ के लिए उपलब्ध होंगे। एजेंसी ने सोरेन से कहा है कि समन पर अगर वे नहीं उपस्थित होते हैं तो उसकी टीम खुद उनके पास पहुंचेगी।

### लैंड फॉर जॉब मामले में राबड़ी की मुश्किलें बढ़ी

**कोर्ट ने जारी किया समन**

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2024 (ए)।** लैंड फॉर जॉब मामले में बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी को दिल्ली की अदालत ने बुलाया है। ईडी की चार्जशीट के बाद कोर्ट ने राबड़ी देवी को हाजिर होने का समन दिया है। यह पेशी 9 फरवरी को होनी है। इसमें लालू यादव व राबड़ी देवी की बेटी सांसद मीसा भारती और हेमा यादव को भी पेश होने के लिए कहा है। यह पेशी राउज एवेन्यू कोर्ट में होनी है।



### मराठा आरक्षण आंदोलन खत्म

**मुंबई, 27 जनवरी 2024 (ए)।** महाराष्ट्र सरकार ने मराठा समुदाय की सभी मांगें मान ली हैं, जिसके बाद शनिवार तड़के उनका आंदोलन समाप्त हो गया। शिव संगठन नेता मनोज जारांगे-पाटिल और सरकारी प्रतिनिधिमंडल ने आधी रात के आसपास विस्तृत चर्चा की जो सफल रही। बाद में, सरकार ने एक आधिकारिक अधिसूचना (सरकारी संकल्प) जारी की, जिसकी एक प्रति सुबह करीब 5 बजे जारांगे-पाटिल को सौंपी गई।



# 1 फरवरी को पेश होगा अंतरिम बजट

## निर्मला सीतारमण के नाम दर्ज हो जाएगा ये खास रिकॉर्ड




**नई दिल्ली,27 जनवरी 2024 (ए)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को सदन में अंतरिम बजट पेश करेंगी। इस बजट के साथ हो उनके नाम एक खास रिकॉर्ड दर्ज हो जाएगा। निर्मला सीतारमण लगातार छठी बार बजट पेश करने जा रही हैं।

बजट पेश करने के साथ ही वह लगातार पांच पूर्ण बजट और एक अंतरिम बजट पेश करने वाली देश की दूसरी वित्त मंत्री बन जाएंगी। अब तक यह उपलब्धि केवल पूर्व पीएम मोरारजी देसाई के नाम है।

निर्मला सीतारमण पूर्व पीएम मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा जैसे पूर्व वित्त मंत्रियों के रिकॉर्ड को भी पीछे छोड़ देंगी। इन बड़े नेताओं लगातार पांच बार बजट पेश किये। 2024 के आम चुनाव के बाद नई सरकार के गठन के बाद 2023-24 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा।

अंतरिम बजट 2024 की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों की उनकी टीम इसे अंतिम रूप दे रही है। 'हलवा समारोह' के बाद पूर्ण गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए नॉर्थ ब्लॉक को लॉक-डाउन में डाल दिया गया है।

### इसलिए होती है अंतरिम बजट की आवश्यकता

अंतरिम बजट की आवश्यकता इसलिए होती है क्योंकि सरकार चलाने के लिए भारत की संचित निधि से धन निकालने के लिए संसद से नए सिरे से मंजूरी की जरूरत होती है। मौजूदा 2023-24 बजट इस वर्ष 31 मार्च तक ही वैध है।

चूंकि इस साल अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं, इसलिए नई सरकार के सत्ता संभालने तक देश को चलाने के लिए धन की आवश्यकता होगी। अंतरिम बजट एक व्यावहारिक व्यवस्था है जो सरकार को इस अंतर को भरने में सक्षम बनाती है।

### रखा जाता है इन विषयों का ध्यान

सरकार अंतरिम बजट के दौरान कोई बड़ी नीतिगत घोषणा नहीं करती है जिससे पूर्ण केंद्रीय बजट पेश करने वाली अगली निर्वाचित सरकार पर वित्तीय बोझ पड़ सकता है। चुनाव आयोग की आचार संहिता के मुताबिक सरकार अंतरिम बजट में कोई बड़ी योजना शामिल नहीं कर सकती क्योंकि इससे मतदाता प्रभावित हो सकते हैं। सरकार अंतरिम बजट के साथ आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश नहीं करती है जो मुख्य बजट पेश होने से एक दिन पहले किया जाता है।

## हर क्षेत्र में बेटियां अपनी छाप छोड़ रही

### करियप्पा ग्राउंड में बोले पीएम मोदी

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2024 (ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज एनसीसी परेड में शामिल होने के लिए करियप्पा ग्राउंड पहुंचे। पीएम मोदी ने कहा कि एनसीसी की ये रैली वन वर्ल्ड वन फैमिली ,वन फ्यूचर की भावना को निरंतर मजबूत कर रही है। 2014 में इस रैली में 10 देशों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया था, आज यहां 24 मित्र देशों के कैडेट्स मौजूद हैं। मैं आप सभी का यहां अभिनंदन करता हूं। हमने कल कर्तव्य पथ पर देखा कि इस बार का आयोजन नारीशक्ति के लिए समर्पित रहा।



पीएम ने कहा कि हमने दुनिया को दिखाया कि भारत की बेटियां कितना बेहतरीन काम कर रही हैं। हमने दुनिया को दिखाया कि भारत की बेटियां किस प्रकार हर सेक्टर में नए आयाम गढ़ रही हैं। जिन भी सेक्टर्स में पहले बेटियों के लिए एंट्री बंद थी या लिमिटेड थी, हमने वहां हर बंदिशें हटाई हैं। हमने तीनों सेनाओं के अग्रिम मोर्चों को बेटियों के लिए खोल दिया। आज स्टार्टसअप हों या सेल्फ हेल्प ग्रूप, हर क्षेत्र में बेटियां अपनी छाप छोड़ रही हैं।प्रधानमंत्री ने कहा कि ये जो हम विकसित भारत बनाने वाले हैं, उसका लाभार्थी मोदी नहीं है। इसके लाभार्थी आप जैसे युवा हैं, इसके लाभार्थी स्कूल-कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थी हैं। विकसित भारत और भारत के युवाओं की ट्रांजेक्टरी एक साथ ऊपर जाएगी इसलिए आप सभी को मेहनत करने में एक पल भी गंवाना नहीं चाहिए।



# अदन की खाड़ी में मर्चेंटशिप पर हमले के बाद एक्शन में भारतीय नौसेना

### आईएनएस विशाखापट्टनम को किया गया तैनात

**नई दिल्ली,27 जनवरी 2024 (ए)।** भारतीय नौसेना ने शनिवार को बताया कि अदन की खाड़ी में एमवी मार्लिन लुआंडा पर हमले की खबर मिलने के बाद आईएनएस विशाखापट्टनम को तैनात किया गया है, जो मिसाइल गाइडेड विध्वंसक है। इससे पहले मार्शल आइलैंड्स के ध्वज वाले मार्लिन लुआंडा ने एक संकट कॉल जारी की थी और क्षति की सूचना दी थी।

### मर्चेंट शिप को सहायता भेजा जा रहा

नौसेना ने बताया कि संकटग्रस्त मर्चेंट वेसल को मदद पहुंचाई जा रही है। उन्होंने बताया कि आईएनएस विशाखापट्टनम द्वारा तैनात अग्निशमन उपकरणों के साथ मर्चेंट वेसल पर सहायता भेजा जा रहा है।

### शिप पर 22 भारतीय सवार

भारतीय नौसेना ने बताया कि इस मर्चेंट शिप में 22 भारतीय और एक बांग्लादेशी चालक दल के सदस्य सवार हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना शिप की सुरक्षा और समुद्र में लोगों की जान बचाने के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## गणतंत्र दिवस पर केंद्र के खिलाफ अपमानजनक प्रस्तुति करना पड़ा भारी

### केरल हाई कोर्ट ने दो अधिकारियों को किया निलंबित




**कोच्चि,27 जनवरी 2024 (ए)।** केरल हाई कोर्ट ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में मंच पर कथित तौर पर अपमानजनक प्रस्तुति करने और केंद्र सरकार की आलोचना करने पर अपने अधिकारियों पर कार्रवाई की है। हाई कोर्ट ने इस मामले में अपने दो अधिकारियों को सेवा से निलंबित कर दिया है।

### लौटाना होगा पहचान पत्र

उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने कहा कि सहायक रजिस्ट्रार और कोर्ट कीपर को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है और घटना की जांच होने के बाद ही इस मामले में कोई कदम उठाया जा सकता है। रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि दोनों अधिकारियों के पास अगर किसी भी तरह की सरकारी संपत्तियां होगी तो उसे वापस करना होगा, जिसमें पहचान पत्र भी शामिल है।

# मुंबई से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट में हंगामा

### यात्री बोला-मेरी सीट के नीचे है बम,फिर...

**मुंबई,27 जनवरी 2024(ए)।** मुंबई से लखनऊ जाने वाली एक फ्लाइट में उस वक्त हंगामा मच गया, जब 27 साल के एक यात्री ने कहा कि उसकी सीट के नीचे बम रखा है। यात्री के इतना कहते ही एजेंसियां अलर्ट मोड पर आ गई और फ्लाइट में हड़कंप मच गया।

दरअसल मुंबई से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट में यात्रा कर रहे 27 साल के मोहम्मद अयूब ने कहा कि उसकी सीट के नीचे बम रखा है। इसके बाद सारी एजेंसियां जांच में लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही फ्लाइट की फ्लाइंग टाइम को बदल दिया गया और उस फ्लाइट की पूरी तरह से जांच की गई। एक अधिकारी ने बताया की जांच के दौरान किसी भी तरह की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली। सूत्रों ने बताया कि मुंबई से लखनऊ जा रही इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई5264 फ्लाइट में बैठे एक यात्री ने ऐसा कहा था।



### हिरासत में लिया गया यात्री

एयरपोर्ट पुलिस ने यात्री अयूब को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ आईपीसी की धारा 506(2) और 505(1)(बी) के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि वह इस एंगल से जांच कर रही है कि यात्री ने ऐसा क्यों किया।

# केरल के राज्यपाल की बढ़ाई गई सुरक्षा



### आरिफ मोहम्मद खान को मिलेगी जेड+ सिक्योरिटी

**तिरुवनंतपुरम,27 जनवरी 2024 (ए)।** राजभवन ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को जेड+ सुरक्षा कवर बढ़ा दिया है। दरअसल, कोल्लम में हुए प्रदर्शन के बाद इस कदम को उठाने का फैसला लिया गया है।

### राजभवन और राज्यपाल की सुरक्षा बढ़ी

राज्यपाल के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सीआरपीएफ कर्मियों का जेड+ सुरक्षा कवर खान और राजभवन तक बढ़ा दिया गया है। पोस्ट में कहा गया, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केरल राजभवन को सूचित किया है किसी आरपीएफका जेड+सुरक्षा कवर माननीय राज्यपाल और केरल राजभवन तक बढ़ाया जा रहा है।

### सड़क पर कुर्सी लेकर बैठ गए थे राज्यपाल

दरअसल, आज केरल के कोल्लम जिले में हुए प्रदर्शन के बाद यह फैसला हुआ है। यहां पर एसएफआई के काले झंडे के विरोध का सामना कर रहे खान अपनी कार से उतरे, आंदोलनकारी वामपंथी छात्र विंग के सदस्यों से भिड़ गए और सड़क के किनारे बैठ कर मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला बोला। शिकायत दर्ज होने के बाद लौटे राज्यपाल गुस्से में दिख रहे खान ने सीएम विजयन पर राज्य में अराजकता को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। दो घंटे से अधिक समय तक वहां बैठने के बाद, खान वहां से तभी निकले, जब पुलिस ने उन्हें कानून के गैर-जमानती प्रावधानों के तहत 17 एसएफआई कार्यकर्ताओं के खिलाफ दर्ज एफआईआर की एक प्रति दिखाई।

कई बार हुआ आमना-सामना

सत्तारूढ़ सीपीआई (एम) की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया के कई कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के खिलाफ काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया, जब वह एक समारोह के लिए पास के कोट्टाराक्कारा जा रहे थे। मालूम हो कि खान और वामपंथी सरकार कई मुद्दों पर आमने-सामने हैं। इसमें मुख्य रूप से राज्य में विश्वविद्यालयों के कामकाज और विधानसभा द्वारा पारित कुछ विधेयकों पर उनके हस्ताक्षर न करने को लेकर भी भड़ास है।

# पूजा में शामिल नहीं होने पर लड़के को दी दर्दनाक सजा

### पहले नंगा किया फिर परेड कराई

**कलबुर्गी(कर्नाटक),27 जनवरी 2024 (ए)।** कर्नाटक के कलबुर्गी जिले में शनिवार को एक सरकारी हॉस्टल में बीआर अंबेडकर की तस्वीर की पूजा में एक नाबालिग लड़के ने हिस्सा नहीं लिया। इसके बाद छात्रों के एक समूह ने उसके कपड़े उतार दिए और उसे नग्न घुमाया।

पीड़ित के पिता की ओर से कलबुर्गी शहर के अशोक नगर पुलिस स्टेशन में आरोपी छात्रों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित प्री-यूनिवर्सिटी कॉलेज में पढ़ता था और सरकारी हॉस्टल में रहता था।

हॉस्टल में छात्र प्रत्येक रविवार को डॉ. बीआर अंबेडकर की तस्वीर की पूजा करते थे। पीड़ित पिछले रविवार को कुछ अन्य काम होने के कारण पूजा में शामिल नहीं हो सका था।



यही बात उन्होंने इसका आयोजन करने वाले छात्रों के समूह से भी कही थी। समूह ने पीड़ित के साथ मारपीट की थी और अन्य हॉस्टल के कुछ छात्र भी उनके साथ शामिल हो गए थे।

## संपादकीय

# भारत की क्या राय ?

**निर्गुट** सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में जो बातें कही गईं, वे इजराइल-फिलस्तीन के मौजूदा युद्ध के बारे में भारत के रुख से मेल नहीं खातीं। इसमें गजा में इजराइली कार्रवाई की दो टूक निंदा की गई,मगर हमास को कोई जिक्र नहीं किया गया।

शीत युद्ध के दौर में गुटनिरपेक्ष आंदोलन एक महत्त्वपूर्ण आवाज था। लेकिन सोवियत संघ के विखंडन के साथ चूंकि तत्कालीन एक गुट का विलोप हो गया,तो इस आंदोलन ने भी अपनी प्रासंगिकता खो दी। इसके बावजूद इस समूह को इससे जुड़े देशों ने जिंदा रखा और अब जबकि दुनिया फिर से भूमंडलीकरण की उलटी दिशा में चल पड़ी है, तो अचानक इसका शिखर सम्मेलन मीडिया की सुर्खियों में आया। भारत में इसको लेकर और जिज्ञासा पैदा हुई क्योंकि विदेश मंत्री जयशंकर 120 देशों की सदस्यता वाले इस समूह की शिखर बैठक में भाग लेने यूगांडा की राजधानी कंपाला गए। विदेश मंत्री ने सम्मेलन में ग्लोबल साउथ की एकता पर जोर दिया और इस मकसद को हासिल करने में निर्गुट आंदोलन की भूमिका की चर्चा की। बहरहाल,सम्मेलन के बाद जारी घोषणापत्र में जो बातें कही गईं, वे कम-से-कम इजराइल-फिलस्तीन के मौजूदा युद्ध के बारे में भारत के रुख से मेल नहीं खातीं। इसमें गजा में इजराइली कार्रवाई की दो टूक निंदा की गई, मगर हमास को कोई जिक्र नहीं किया गया। आतंकवाद की चर्चा सामान्य रूप में ही हुई और उसका विरोध किया गया। जबकि बीते सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमलों को भारत ने आतंकवाद बताया था और उसकी दो टूक निंदा की थी। घोषणापत्र में गजा में तुरंत युद्धविराम की मांग की गई,जबकि भारत वहां मानवीय आधार पर लड़ाई रोकने की वकालत करता रहा है। कहा जा सकता है कि कंपाला घोषणापत्र में इस समय ग्लोबल साउथ की आम सोच प्रतिबिंबित हुई। चूंकि घोषणापत्र साझा है,इसलिए यह आम अनुमान लगाया जाएगा कि भारत इसमें कही गई बातों से सहमत है। क्या सचमुच ऐसा है? इस बारे में भारतीय विदेश मंत्रालय को अवश्य जानकारी देनी चाहिए। भारतीय विदेश नीति के बारे में स्पष्टता बनाने के लिए यह अवश्यक है। बहरहाल,गौरतलब है कि यूगांडा ने निर्गुट सम्मेलन के तुरंत बाद विकासशील देशों के अन्य समूह ग्रूप-77 की चीन के साथ बैठक आयोजित की। हालांकि नाम ग्रूप-77 है,लेकिन इसमें 135 देश शामिल हैं। इसे संयुक्त राष्ट्र में विकासशील देशों के बीच तालमेल के लिए बनाया गया था।

# भारतीय राजनीति का अंतिम मोर्चा

**क्या** यह माना जाए कि भारत की राजनीति बदलाव के उस मोड़ पर है, जहां वह आधुनिक इतिहास में पहले कभी नहीं पहुंची और उस मोड़ पर जो मुकाबला होना है वह फाइनल फ्रंटियर यानी अंतिम मोर्चे की तरह है? अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के भव्य आयोजन के बाद अगले तीन-चार महीने में लोकसभा का चुनाव होना है। इस चुनाव में एक तरफ हिंदू धर्म की ध्वजा उठाए नरेंद्र मोदी और उनकी अक्षौहिणी सेना होगी तो दूसरी ओर भारत की विविधता,बहुलता और न्याय की दुहाई देते हुए देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस होगी,जिसके साथ या पीछे पीछे जातीय विभाजन की फॉल्टलाइन को बढ़ा कर राजनीति करने वाली मंडल की पार्टियां और भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली पार्टियां होंगी। पूरब से पश्चिम और दक्षिण तक ऐसी कई पार्टियां हैं। इस लिहाज से अगले चुनाव को मंडल और कमंडल की लड़ाई का फाइनल फ्रंटियर कह सकते हैं तो साथ ही उत्तर और दक्षिण की लड़ाई का भी अंतिम मोर्चा मान सकते हैं। जो यह चुनाव जीतेगा उसकी हर मोर्चे पर फतह मानी जाएगी और लंबे समय तक देश की राजनीति पर उसका और उसकी विचारधारा का वर्चस्व कायम होगा।

अभी तक भाजपा की राजनीति के बरक्स दो तरह की राजनीति सफल होती रही है। एक मंडल की यानी जातियों की और दूसरी भाषायी अस्मिता की राजनीति। विपक्ष की जो पार्टी भाजपा के मुकाबले सफल रही या जिसने भाजपा को टक्कर दिया उसकी राजनीति इन दो में से किसी मुद्दे पर आधारित रही। कह सकते हैं कि कांग्रेस इन दोनों में से कोई राजनीति नहीं करती है फिर भी वह मुख्य प्रतिद्वंद्वी के तौर पर बनी हुई है। यह बात तर्क के लिए सही है लेकिन असल में भाजपा की मुख्य प्रतिद्वंद्वी दल की हैसियत मुस्लिम वोटों की वजह से बनी है। कुछ राज्यों में भाजपा विरोधी वोट के साथ मुस्लिम वोट जुड़ जाने से कांग्रेस को सीटें मिलीं या जातीय व भाषायी अस्मिता की राजनीति करने वाली पार्टियों के साथ तालमेल का फायदा उसे मिला। यह किसी पहलू से नहीं कहा जा सकता है कि कांग्रेस या दूसरी भाजपा




विरोधी पार्टियों ने किसी वैकल्पिक सिद्धांत या विचार को लेकर राजनीति की। हां,भाजपा से उनके विरोध को वैचारिक विरोध कह सकते हैं लेकिन उन दलों की राजनीति किसी वैकल्पिक विचार पर आधारित नहीं रही है। यह बहुत बारीक फर्क है,जिसे समझने की जरुरत है। इस बार उसी फर्क को चुनौती मिल रही है। एक फर्क मंडल और कमंडल की राजनीति का रहा है। भाजपा ने कमंडल यानी मंदिर की राजनीति शुरू की थी। 1989 में पालमपुर प्रस्ताव से मंदिर को राजनीतिक मुद्दा बनाया गया था और दो सांसदों वाली पार्टी उसी साल के चुनाव में 81 सीट पर पहुंच गई थी। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि मंडल की राजनीति के जवाब में कमंडल की राजनीति शुरू हुई। भाजपा ने मंदिर की राजनीति पहले शुरू की थी और एक चुनाव में उसका फायदा लिया था। उसके बाद वीपी सिंह की सरकार ने 1990 में मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू की थी और पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षण का पंडोरा बॉक्स खोला था। उसके बाद कई बरसों तक ऐसा लगता रहा कि ये दोनों विचार एक दूसरे के विरोधी हैं। हालांकि भाजपा ने तब भी सोशल इंजीनियरिंग जारी रखी थी। उत्तर प्रदेश पहले उसकी प्रयोगशाला थी, जहां गोविंदाचार्य ने सोशल इंजीनियरिंग का प्रयोग किया और उसके बाद मध्य प्रदेश प्रयोगशाला बनी, जहां उमा भारती से शुरू करके मोहन यादव तक पिछले 21 साल में सिर्फ पिछड़ी जाति के सीएम बने हैं।

बिहार मंडल राजनीति की धरती रही लेकिन नीतीश कुमार ने बहुत होशियारी से बिहार में भाजपा को सोशल इंजीनियरिंग नहीं करने दी और न पिछड़ी या अत्यंत पिछड़ी जाति का कोई नेता तैयार होने दिया। इसलिए बिहार थोड़ा पीछे रह गया। अब वहां भी भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग चल रही है। 24 जनवरी को भाजपा भी पटना में कर्पूरी ठाकुर की जयंती बड़े पैमाने पर मना रही है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद धीरे धीरे मंडल और कमंडल की राजनीति का फर्क मिटता गया है। दोनों के बीच की दूरी कम होती गई है। उन्होंने बहुत सुनियोजित तरीके से दोनों को मिला दिया। इसका नतीजा यह है कि आज अत्यंत पिछड़ी जातियों का 48 फीसदी और अन्य पिछड़ी जातियों का 40 फीसदी वोट भाजपा को मिलता है। कुल मिला कर 44 फीसदी पिछड़ा वोट भाजपा को जाता है। अयोध्या के भव्य कार्यक्रम के बाद यह दूरी और कम होगी। इसका कारण यह है कि मंडल के मसीहा जाति की राजनीति में उलझे रहे उन्होंने मंडल प्लस कुछ नहीं किया। कोई नई चीज नहीं जोड़ी, जबकि नरेंद्र मोदी ने कमंडल में प्लस किया। उन्होंने कमंडल में मंडल को जोड़ा और साथ ही विकास, बुनियादी ढांचा, राष्ट्रवाद, लाभार्थी, विश्व गुरू,मजबूत नेतृत्व जैसी कई चीजें जोड़ दीं।


इसके बाद बचता है कि भाषायी अस्मिता का मामला, जिस पर भाजपा थोड़ा बैकफुट पर होती है। हालांकि ऐसे तीन राज्यों-महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक में भाजपा पहले से मजबूत स्थिति में थी। पिछले 10 साल में इन तीन राज्यों के अलावा दूसरे राज्यों में भी भाजपा मजबूती से पहुंची है और वह हिंदुत्व के अपने एजेंडे के साथ पहुंची है। उसने राज्यों की आबादी के फॉल्टलाइन की पहचान की है और उसका फायदा उठाया है। जैसे पश्चिम बंगाल में 30 फीसदी मुस्लिम आबादी है। भाजपा ने प्रचार के दम पर यह नैरेटिव बनवाया कि सारी पार्टियां इस 30 फीसदी आबादी का ध्यान रखती हैं और 70 फीसदी आबादी की अनदेखी करती हैं। इसका फायदा उसे पिछले चुनाव में मिला, जब वह 18 लोकसभा सीट वाली पार्टी बन गई और विधानसभा चुनाव में भी अस्मिता की राजनीति को चुनौती देते हुए 38 फीसदी वोट के साथ 77 सीट की पार्टी बनी। इसी तरह तेलंगाना में असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी और पुराने हैदराबाद की आबादी संरचना को ही आधार बना कर भाजपा ने जो राजनीति की उसका नतीजा यह हुआ कि उसे पिछले लोकसभा चुनाव में चार सीटें मिलीं। वह अब वहां 13 फीसदी वोट की पार्टी है।

कुल मिला कर तीन राज्य- आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल ऐसे हैं,जहां भाजपा की कमंडल की राजनीति या सोशल इंजीनियरिंग कामयाब नहीं हुई है। लेकिन भारत जैसे विशाल देश में यह कोई बड़ी बात नहीं है। अपने सबसे अच्छे दिनों में भी कांग्रेस सभी राज्यों में एक समान रूप से मजबूत पार्टी नहीं थी। इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर इन तीन राज्यों पर है, जिनका उन्होंने नए साल में दौरा शुरू किया है। उन्होंने अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम से पहले 11 दिन का अनुष्ठान किया और उसे इन तीन राज्यों की आध्यात्मिक यात्रा से जोड़ दिया। वे उस दौरान इन तीनों राज्यों में गए और रामायण के चरित्रों व स्थानों से जुड़ी जगहों पर जाकर पूजा की। भाषायी अस्मिता वाले इन तीनों राज्यों में मोदी की कमंडल प्लस मंडल राजनीति की परीक्षा होनी है।सो,कह सकते हैं कि इस बार का चुनाव इस बात की परीक्षा है कि भाजपा की राजनीति के मुकाबले विपक्ष के मंडल और भाषायी अस्मिता यानी जाति और उत्तर-दक्षिण की राजनीति का क्या भविष्य होगा। अगर भाजपा लगातार तीसरी बार जीतती है तो फिर भारतीय राजनीति को देखने की तमाम पारंपरिक अवधारणाएं टूटेंगी और पार्टियों को नए सिरे से अपने सिद्धांतों व राजनीतिक एजेंडे पर विचार करना होगा। बड़ा सवाल यह है कि क्या उसके बाद भाजपा को टक्कर देने के लिए कोई नई दक्षिणपंथी पार्टी उभरेगी? क्या अरविंद केजरीवाल के लिए अवसर बनेगा? या मौजूदा धर्मनिरपेक्ष पार्टियां अपना स्वरूप बदलेंगी?

**-अजीत द्विवेदी-**


प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# विवादों के चक्रव्यूह में फंसा तपस्वी



**भावना ठाकर भावु**
बैंगलोर, कर्नाटक

**सोशल** मीडिया के ज़माने में किसी भी ख़बर या घटना को बिना तथ्यों को जानें कितनी तेज़ी से फैलाया जा सकता है; ये किसी से भी छुपा हुआ नहीं है। किसी व्यक्ति,संस्था या सरकार की नकारात्मक छवि पेश कर देना तो चुटकियों का काम है। हाल ही में ऐसी ही एक घटना सोशल मीडिया पर देखने को मिली जिसे देख और सुनकर बहुत आश्चर्य हुआ। यह मामला है देवसाक्षी पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित युवा लेखक सुनील पंवार का उपन्यास तपस्वी का। तपस्वी एक उपन्यास है जो अभी मार्केट में आई भी नहीं और मार्केट में आने से पहले ही अपने धारदार संवादों की वजह से पाठकों के बीच चर्चा एवं आलोचना का विषय बनी हुई है। उपन्यास के किरदार तपस्वी ने जो रहस्य और रोमांच पैदा किया है उसे लेखक की काबिलियत का प्रतिबिम्ब कह सकते है। शायद ये पहली किताब है जिसके पब्लिश होने से पहले इतने चर्चे हैं व जिसने पाठकों को आकर्षित किया है। कुछ एक सिन्स लेखक ने फेसबुक पर पोस्ट किये, जिन्हें पोस्ट करते ही कभी पाठकों की वाहवाही लूटी तो कभी कड़ी आलोचना का शिकार हुए। खासकर इस किताब ने लोगों के मन में इसलिए भी इतनी उत्सुकता जगाई है कि फेसबुक ने इस किताब की पब्लिसिटी वाली हर पोस्ट को बैन कर दिया है। संभवतः तपस्वी फेसबुक पर बैन होने वाली प्रथम पुस्तक है। फ़ेसबुक ने सारी पोस्ट हटा दी है तथा पुस्तक के कवरपेज और लिंक को पूर्णतः बैन कर दिया। विषय के अनुरूप कवर पेज जितना शानदार बना है उतना ही ज़ोरदार विरोध भी हुआ है। यही बात पुरवार करती है कि विरोध की आंधियो के बीच भी तपस्वी डटकर खड़ा है।




उपन्यास के विषय पर बात करें तो तपस्वी खुद को रावण कहलाना पसंद करता है। एक विलेन की छवि बनाए रखता है व ईश्वर तथा महिला विरोधी है। इस अनूठे विषय की खासियत ये है कि उपन्यास का मुख्य किरदार तपस्वी विलेन होने के बावजूद हीरो की तरह पाठकों को आकर्षित करने में पारंगत है और सफल भी हुआ है। पाठकों को लगता है कि महिलाओं के बारे में नायक की सोच निम्न स्तरीय है और नारीवाद का विरोधी भी है,जिसकी वजह से कुछ पाठकों ने लेखक को जमकर गालियां भी दी है। इसके शीर्षक से लेकर संवादों तक एक विवाद छिड़ा हुआ है। शायद लोगों की मानसिकता यह भी हो कि उपन्यास का मुख्य किरदार खुद को तपस्वी कहकर काम शैतानों वाले करता है। क्योंकि सदियों से हम तपस्वी उन्हीं को मानते आए हैं जो हिमालय में जाकर कड़ी तपस्या और आराधना करते हैं, साधु संत होते हैं, जबकि तथ्य ये है कि तप किसी भी तरह का हो सकता है। जिसने सहकर,तपकर कोई भी काम किया हो वह तपस्वी कहलाता है। क्या पता तपस्वी ने भी कुछ काम ऐसे किए हों जिसे तपस्या की इन्तेहॉं कह सकते है। सो हो सकता है उपन्यास के आगाज़ को उपन्यास का अंत गलत साबित कर दे।

कोन्ट्रोवर्सी के बाद भी ताज्जुब की बात ये है कि तपस्वी के किरदार को महिला पाठकों ने बेहद पसंद किया है। और उपन्यास की मार्केट में आने से पहले धड़ाधड़ प्री-बुकिंग हो रही है। बावजूद उनके कि तपस्वी नारीवाद का विरोधी है ज़्यादातर महिलाएं ही अपनी प्रति बुक करवा रही है।

कुछ पाठकों की मानसिकता ऐसी होती है कि लेखक जो लिखता है वो उसकी निज़ी ज़िंदगी का अंश होता है। या लेखक जो लिखता है असल ज़िंदगी में खुद भी वैसा ही होता है, या उसकी सोच भी वैसी ही होती है। जबकि लेखन कल्पनाओं की संदूक से निकला काल्पनिक नाटक होता है। जो कभी सत्य के करीब, तो कभी हकीकत की धरा से परे भी होता है।

इसी मानसिकता के चलते फेसबुक पर कुछ लोग लेखक को भला बुरा कहने या यहॉं तक कि गालियां देने पर उतारू हो जाते हैं। लेखक अपनी कल्पनाओं को,अपनी भावनाओं को शब्दों का पहरन पहनाकर परोसता है। बेशक कभी-कभी अपने साथ घटी कोई घटना का ज़िक्र अपनी रचनाओं में कर लेते है। लेकिन हकीकत में ज़्यादातर लेखन कल्पनाओं की संदूक से निकले दृश्य होते है। जिनका न तो हकीकत से कोई वास्ता होता है न लेखक की निज़ी ज़िंदगी की कहानी होती है। वर्क केवल पाठकों के मनोरंजन के लिए की गई लेखक की बेइन्तेहां मेहनत होती है।

मैं न नारीवाद की विरोधी हूं, न लेखक का पक्ष ले रही हूं। जिस सच को लोग नज़र अंदाज़ कर रहे है उनको आईना दिखा रही हूं।

तपस्वी के कुछ एक अंश लेखक ने सोशल मीडिया पर अपलोड किए है और इस हिसाब से ये केवल आधी-अधूरी जानकारी कहलाएगी। किनारे पर बैठकर समुन्दर की गहराई नापी नहीं जाती, उसके लिए गोते लगाने पड़ते है। इसलिए जब तक पूरा उपन्यास पढ़ नहीं लेते तब तक किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचना केवल जल्दबाजी होगी। नारीवाद का झंडा हाथ में लेकर घूमने वाले खुद बात-बात पर मां-बहन वाली गाली चिपकाने से नहीं कतराते,लेकिन स्त्री के बारे में एक हर्फ़ लिखने वाले लेखक को सोशल मीडिया पर खिंचाई करने शेर बनकर पहुंच जाते है। इनकी अल्पबुद्धि देखकर तो लगता है जैसे लेखक के साथ ऐसा व्यवहार करना इनके लिए केवल मनोरंजन का साधन मात्र है।

आलोचना या प्रशंसा करना पाठक का अधिकार है लेकिन जब तक शुरू से आखिर तक उपन्यास पढ़ा नहीं जाए तब तक लेखक को कटघरे में खड़ा करना नाइन्साफ़ी है।

लेखक ने अपनी पुस्तक में रहस्य बनाकर रखा है। कथानक व चरित्रों को किसी भी तरह से रिवील नहीं किया है। लेखक एक मंझे हुए व सम्मानित लेखक हैं। उनके उपन्यास तपस्वी के हर डायलॉग के पीछे कोई न कोई तथ्य जरूर तो अवश्य रहा होगा।

बहरहाल तपस्वी पढ़ने के बाद ही किसी उचित निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि लेखक के लिए आपकी राय बदलनी है या नहीं। तब तक के लिए केवल पुस्तक आने का इंतज़ार है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# मोदी के नशे का तोड़ क्या ?

**उधर** के भक्त मोदीजी को कोई नुकसान नहीं पहुंचाते मगर इधर के भक्त किसी काम के नहीं। और बात भक्तों की क्या कांग्रेस के बड़े नेता भी या दूसरे विपक्षी दलों के नेता भी केवल मोदी विरोध को ही हथियार बनाए हुए हैं लेकिन मोदी के और बढ़ते जादू, उनके नशे का तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे। विपक्ष याद रखे भूखे भजन न होई गोपाला! बेरोजगार, महंगाई की मार से त्रस्त जनता ज्यादा समय तक भजन नहीं कर सकती। यही सही और आखिरी समय है जब उसे जगा दिया जाए।

भक्त उधर भी हैं। भक्त इधर भी। मगर फर्क है। उधर के भक्त मोदीजी को कोईनुकसान नहीं पहुंचाते मगर इधर के भक्त किसी काम के नहीं। वे राहुल को या इंडिया गठबंधन को फायदा पहुंचाने के बदले केवल मोदी विरोध से खुश होतेरहते हैं। मगर इस खुश होने से कोई फायदा नहीं। नरेंद्र मोदी कमजोर नहीं होते हैं। और बात भक्तों की क्या कांग्रेस के बड़े नेता भी या दूसरे विपक्षी दलोंके नेता भी केवल मोदी विरोध को ही हथियार बनाए हुए हैं लेकिन मोदी के औरबढ़ते जादू, उनके नशे का तोड़ नहीं ढूंढ पा रहे।



यही विपक्ष का असली मसला है। सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंगलवार को एक बड़े अंग्रेजी अख़बार ने अपने फ्रंट पेज पर केवल फोटो छापा। पूरे पेज पर रामलला के साथ मोदी जी। बाकी अखबारों ने गर्भ गृह के योगी जी, मोहन भागवत सबके फोटो छापे। मगर असली फोटो मोदी जी का है। यही चुनाव में चलेगा। अब यह बात किसी से छुपी नहीं है कि मोदी जी अपना तीसरा चुनाव मंदिर के नाम पर ही लड़ेंगे। उनका लक्ष्य देश का सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहना है। वैसे तो 1947 से जोड़ा जाए तो पंडित नेहरू 16 साल से अधिकप्रधानमंत्री रहे। लेकिन अगर 1952 के पहले आम चुनाव से जोड़ा जाए तो सबसेअधिक प्रधानमंत्री रहने का रिकार्ड इन्दिरा गांधी के नाम है। मोदी एक केबाद एक चुनाव जीतकर उसी को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं।

धर्म का नशा जिसे दुनिया का सबसे तेज और गहरे प्रभाव वाला नशा कहा जाताहै अब पूरी तरह फैला दिया गया है। इसका तोड़ ढूंढे बिना कांग्रेस याइन्डिया गठबंधन मोदी का मुकाबला नहीं कर सकती। कांग्रेस ने बहुत कमेटियां बना रखी हैं। पोलिटिकल, विचार, स्ट्रेटेजी पता नहीं क्या क्या ! मगर अभी हुए विधानसभाओं में तीन जीते हुए राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ हारने से मालूम पड़ा कि न तो कोई कमेटीकाम कर रही है और न किसी नेता का प्रभाव। जैसे बॉल को देखने के बदले कहींऔर देखने लगने से हाथ में आया कैच छुट जाता है वैसे ही कांग्रेस ने यह तीनों राज्य गंवा दिए। और इससे सबक क्या लिया? कुछ नहीं। हार की समीक्षा के लिए हर राज्य की मीटिंग हो गई। मगर नतीजा क्या निकला?

अपने प्रवक्ता को नोटिस दे दो!

किसलिए? क्योंकि उसने कहा कि हमें जगह जगह टीवी में जाना पड़ता है वहां अगर एंकर वह हो जिसका इंडिया गठबंधन ने बायकाट कर रखा है तो हम डिबेट में शामिल नहीं हो सकते। नहीं होते। मगर फिर वे लोग पूछते हैं कि जब अंग्रेजी चैनल की एंकर नविका कुमार जिसका आपके गठबंधन इंडिया ने बाकायद लिस्ट निकालकर बायकाट किया था उसे कांग्रेस के नेता कमलनाथ हवाई जहाज में बिठाकर इंटरव्यू क्यों दे रहे थे तो हमारे पास कोई जवाब नहीं होता है। प्रवक्ता आलोक शर्मा की इस बात पर कांग्रेस के मीडिया डिपार्टमेंट ने उन्हें नोटिस दे दिया। कांग्रेस में इस बात का कड़ा विरोध हो रहा है कि काम करने वाले फ्रंट पर लड़ने वाले फुट सोल्जर( अग्रिम पंक्ति के सिपाही) से सवाल पूछा जा रहा है और जनरल बनकर युद्ध हराने वाले से किसी की कुछ कहने की हिम्मत नहीं है।

2014 का चुनाव भी हराने वालों से भी कांग्रेस कुछ नहीं पूछ सकी। 2019 मेंतो राहुल जो पार्टी अध्यक्ष थे उस समय उन्होंने खुद कहा कि मेरा साथ किसीने नहीं दिया उस समय भी पार्टी खामोश रही और अब जब लगातार तीसरा चुनाव सिर पर है तो पार्टी फ्रंट पर लड़ने वालों का मनोबल तोड़ रही है। क्या कांग्रेस को मालूम है कि भाजपा के प्रवक्ता जो तर्क में, तथ्य में, भाषाशैली प्रवाह में आलोक शर्मा का मुकाबला नहीं कर पाते थे वे कांग्रेस द्वारा ही उन्हें कटघरे में खड़ा करने पर कितने खुश हैं? वह एंकर जिनसे आलोक शर्मा सीधे कह देते थे कि भाजपा के प्रवक्ता की तरह बात मत कीजिए पत्रकार की तरह कीजिए उन्हें नोटिस मिलने पर कितने खुश हैं?

कमलनाथ को कांग्रेस का अध्यक्ष बना दिया जाना चाहिए। और जैसा कि मध्यप्रदेश में उन्होंने खुद को भावी मुख्यमंत्री कहलवाना शुरू कर दिया था वैसे ही यहां भी भावी प्रधानमंत्री कहलवाने लगेंगे। और उनके बेटे नकुलनाथ ने जैसे वहां उनके शपथ ग्रहण की तारीख बता दी थी यहां भी प्रधानमंत्री के तौर पर उनके शपथ ग्रहण की तारीख बता देंगे। राहुल बेकार में यात्रा कर रहे हैं। डरो मत का नारा दे रहे हैं। कह रहे हैं कि भाजपा में तानाशाही है हमारे यहां कोई भी कार्यकर्ता हमसे सीधासवाल कर सकता है। वहां उनके सबसे दमदार प्रवक्ता से उनकी ही पार्टी कह रही है चुप रहिए। जो काम भाजपा और गोदी मीडिया नहीं कर पाई वह कांग्रेसने ही कर दिया। धन्य हो पार्टी। वह यह भी भूल गई कि अभी तीन साल पहले ही उसका प्रवक्ता राजीव त्यागी ऐसे ही बहादुरी से गोदी मीडिया के अपमानजनक सवालों से जुझते हुए लाइव डिबेट में ही अपनी जान खो बैठा था। अब कांग्रेस उन्हें याद भीनहीं करती है। तो क्या कांग्रेस ऐसे ही चलेगी! क्या राहुल को पता होता है कि कांग्रेसमें क्या चल रहा है? उन्हें यात्रा पर लगा दिया है। यात्रा अच्छी चल रहीहै। खूब भीड़ आ रही है। पहली यात्रा में भी आई थी। उसमें खूब मध्य प्रदेश और राजस्थान रहे थे। मध्य प्रदेश के लिए तो दावा किया था कि हम जीत रहेहैं। 150 सीट बोलीं थीं। मगर मध्य प्रदेश सबसे बुरी तरह हारे।

यात्रा अच्छी चीज है। मगर चुनावी नतीजे न दे तो किस काम की। केवल राहुल को उलझाए रखना! समय लगातार कठिन से कठिनतर होता जा रहा है। असम में रोजभाजपा के मुख्यमंत्री उन्हें परेशान कर रहे हैं। मंदिर नहीं जाने दे रहे।यूनिवर्सीटी नहीं। गोहाटी शहर में नहीं। हर कदम पर बाधा। यह भविष्य केखतरनाक संकेत हैं। अगर तीसरी बार भी मोदी जीत गए तो फिर कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओंसे ही लड़ते रह जाएंगे। भाजपा से लड़ने की हिम्मत उनकी नहीं पड़ेगी। मोदीजी से लड़ने का तो सवाल ही नहीं है। उनसे एक अकेले लड़ने वाले राहुल कोऐसे ही खर्च कर देंगे।

सवाल है भाजपा की मोदी की धर्म की राजनीति का तोड़ क्या? मुकाबला कैसे ?जनता परेशान है। मगर इलाज धर्म में ही ढुंढ लेती है। कोई और इलाज उसकेपास पहुंचाया ही नहीं जा रहा। जैसे कहते है कि वीर बिहिन मही मैं जानी! राजा जनक ने कहा था। तो क्यावैसे ही बुद्धि, आइडिए, पोलिटिकल सेंस से विहीन आज विपक्ष हो गया है?वीरता में, साहस में, निर्भयता में तो राहुल का कोई मुकाबला नही है। विपक्ष के और भी नेता ऐसे हैं। उद्धव ठाकरे, लालू यादव, ममता बनर्जी,केजरिवाल ऐसा ही साहस दिखा रहे हैं। और भी होंगे जिनका साहस और सामने आए।मगर अब जब चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है उस समय दो बाते सबसे जरूरी हैं।

एक, विपक्ष की एकता इंडिया गठबंधन एकजुट साफ दिखना चाहिए। कोई जरा सा भीसंदेह नहीं। तभी जनता यकीन करेगी। दूसरे कुछ नए आइडिए। मतलब जनता सेजुड़े मुद्दों को किस तरह विपक्ष पेश करे की वह उसके नशे को तोड़ सके। रोजी रोटी का सवाल बहुत बड़ा है। इससे बड़ा कोई सवाल ही नहीं होता। मगरविपक्ष इसे सही तरीके से पेश ही नहीं कर पा रहा। रोजी रोटी अगर एक बारजनता के मन में घुस गई तो उसके सारे नशे उतर जाएंगे।

मगर क्या विपक्ष यह कर पाएगा? समय कम है। मीडिया एकदम विरोधी।कार्यकर्ताओं के हौसले खुद कांग्रेस तोड़ रही है। मुद्दा जनता तकपहुंचेगा कैसे! मुश्किल सवाल है। मगर असंभव नहीं। विपक्ष याद रखे भूखे भजन न होई गोपाला!बेरोजगार, महंगाई की मार से त्रस्त जनता ज्यादा समय तक भजन नहीं कर सकती। यही सही और आखिरी समय है जब उसे जगा दिया जाए। पूरी ताकत से वह सुबह आ गईका सामूहिक नाद करके !

**-शकील अख्तर-**

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## हो जाए निश्चित बेड़ा पार

हो जाए निश्चित बेड़ा पार
पीछे हट जा रे मन,
कलह अगर खत्म हो जाये,
जग सुन्दर मधुमास रहे,
घोर अंधेरा छँट जाये!
तेरे पीछे हटने से,
अगर भला किसी का हो,
मुक्ति मिलेगी इस जीवन में,
भले न भाव मोल का हो!
तीलियों से सजी घर- गृहस्थी में,
जो आग लगी,
पीछे हट एक तीली,
सोचने लगी....,
पूरा घर जल जाएगा,
हाथ हमारे राख आयेगा,
मैं पीछे हट,
श्रृंखला को तोड़कर,
बचे हुए को,
आग से बचाऊँगी,
जो जल गये गम उनका भी है,
पर,
जो बच गए उन पर,
सुकुन भरी आह भर पाऊँगी,
हितकर हो जाए ,
सारा संसार,
जब स्वार्थ का दामन छोड़कर ,
सबकी खुशी का उठाए भार,
हो जाए निश्चित बेड़ा पार



**प्रतिभा पाण्डेय प्रति**
चेन्नई,तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## अभी तो बहुत दूर तक जाना है

चल फैला अपने पंख को
मत रोक अपनी उड़ान को
खुद से किया वादा निभाना है
अभी तो बहुत दूर तक जाना है।
न कोई हिला सके तेरे हौसले को
इतना मजबूत बनाना है खुद को
अरमानों के उड़ान तुझे भरना है
अभी तो बहुत दूर तक जाना है।
तेरी किस्मत भी हार मान जाय
कड़ी मेहनत और संघर्ष देखकर
ऐसी जोश अपने अंदर जगाना है
अभी तो बहुत दूर तक जाना है।
चुनौतियां तेरे आड़े आएगी
तुझे तेरे लक्ष्य से भटकाएगी
इन चुनौतियों से तुझे लड़ना है
अभी तो बहुत दूर तक जाना है।
यूं ही नही मिलेगी तुझको मंजिल
यूं ही नही होगा सब कुछ हासिल
खुद के दिल में आग लगाना है
अभी तो बहुत दूर तक जाना है।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## अवध के प्रभु प्यारे राम

अवध के प्रभु प्यारे राम,
माता-पिता के दुलारे राम
भक्तों के प्रभु सहारे राम,
सबके जीवन सवांरे राम।।
दुख भंजन कहलाते राम,
आनंदकंद मन भाते राम
दुखियों के दुख हरते राम,
शरणागत कहलाते राम।।
मर्यादा पुरषोत्तम राम,
रघुकुल दीपक सर्वोत्तम राम
प्रभु परमेश्वर प्रतापी राम,
सबके प्यारे अनुपम राम।।
पंकज लोचन प्रभु श्री राम,
कमल नयन हैं श्री राम
परम मनोहर अद्भुत राम,
शशि मुख छबि श्री राम।।
दया के सागर हैं श्री राम,
सबके दुख हर लेते राम
दीनों के बंधु हैं श्री राम,
बड़े दयालू हैं प्रभु श्री राम।।
गौ ब्राम्हण के रक्षक राम,
सुर-संतन हितकारी राम
मात-पिता के सेवक राम,
गुरुजनों आज्ञाकारी राम।।
जन हितैषी हैं वत्सल राम,
न्याय धर्म प्रियवर राम
मंगल मूर्ति जय श्री राम,
भक्तो के प्रिय रघुवर राम।।



**अशोक पटेल आशु**
मेघा,धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# शर्मनाक...मिडिल स्कूल मानपुर के गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में सीनियर शिक्षकों के द्वारा प्रभात फेरी से दिनभर उल्टा फहराया गया तिरंगा

## जूता चप्पल पहन कर उल्टा राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराकर किया सामूहिक अपमान

- मनोज कुमार -
उदयपुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मानपुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 26 जनवरी के दिन गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में सीनियर शिक्षकों के द्वारा उल्टा तिरंगा फहराकर दिनभर कार्यक्रम किया गया तथा उल्टा ध्वज फहरा कर ही प्रभात फेरी लिया गया जहां गांव की बस्ती में उल्टा ध्वज फहराकर ही शिक्षकों ने प्रभात फेरी घुमाया और मानपुर के दोनों स्कूलों के शिक्षक और ग्राम के सरपंच उप सरपंच एवं लोगों के द्वारा तिरंगे का अपमान किया है।

तिरंगा तीन रंग का होता है केसरिया सफेद और हरा जहां केसरिया सबसे ऊपर का पट्टी होता है तथा हरा सबसे नीचे का पट्टी होता है किंतु यहां तो इसका उल्टा अशिक्षित शिक्षकों के द्वारा शर्मनाक काम कर बैठे हैं दिनभर झंडा उल्टा ही फहरता रहा किंतु किसी ने भी उसको सीधा करने के लिए ध्यान नहीं सुझा जबकि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीनियर शिक्षक राम विचार यादव और अन्य शिक्षक तेजन कुजूर ,रायभान, कमल प्रीत यादव ,लल्लू राम पोर्ते ,मेलानिया तिग्गा ,रामपाल गुरुजी ,बसंती बाई (सरपंच), शुभ्रा सिंह (उप सरपंच) देवपति यादव पंच बद्री विशाल यादव, भुवन सिंह और ग्राम के समस्त लोग उपस्थित थे तथा दिनभर के लिए तिरंगे का अपमान कर उल्टा झंडा फहरा दिया गया और जगह-जगह पर फोटो खिंचवाया गया तथा सेल्फी भी शिक्षकों के द्वारा लिया गया । गणतंत्र दिवस के दिन उल्टा झंडा फहराने एवं राष्ट्रध्वज का अपमान करने का मामला ग्रामीणों को जैसे ही भनक लगी ग्रामीणों के द्वारा शिक्षकों के ऊपर कार्यवाही की मांग की जा रही है पूरे ग्राम वासी इस प्रकार का मामला सहन करने को तैयार नहीं है।





चप्पल जूता पहनकर भारत माता और तिरंगे का धूप बत्ती जलाया गया तथा सार्वजनिक रूप से तिरंगे का अपमान किया गया अब देखना यह है कि इस प्रकार के शर्माना कार्य करने वाले शिक्षकों के ऊपर प्रशासन क्या कार्यवाही करती है।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय बच्चों ने कलेक्टर के समक्ष रखी अपनी बात,लापरवाही पर प्राचार्य व छात्रावास अधीक्षिका हटाए गए

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पेटला के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को 7 किमी पैदल चलकर कलेक्टोरेट पहुंचे और स्कूल में अव्यवस्था की जानकारी कलेक्टर को दी। कलेक्टर विलास भोस्कर संदीपन ने बच्चों की समस्याओं को गंभीरता से सुनी और त्वरित एक्शन लेते हुए प्राचार्य मनोज वर्मा और छात्रावास अधीक्षिका अनुप्रिया दुबे को उनके पदों से हटा दिया गया है।





बच्चों ने कलेक्टर को बताया कि हॉस्टल में मेनू चार्ट के अनुरूप भोजन नहीं दिया जाता है। वहीं पेयजल की व्यवस्था, खेल और दैनिक इस्तेमाल की सामग्री नियमित रूप से समय पर उपलब्ध नहीं कराया जाता है। बच्चों ने कलेक्टर को बताया कि स्कूल प्राचार्य एवं अधीक्षिका के व्यवहार भी हम लोगों के साथ ठीक नही है। इस संबंध में कलेक्टर के निर्देश पर दायित्व निर्वहन में लापरवाही पाए जाने पर प्राचार्य मनोज वर्मा और छात्रावास अधीक्षिका अनुप्रिया दुबे को उनके पदों से हटा दिया गया है। बच्चों ने कलेक्टर को बताया कि स्कूल के प्राचार्य व अधीक्षका का व्यवहार ठीक नहीं रहता है। हम लोगों को परिजन से बात करने के लिए सुविधा नहीं दी जाती है। इस पर कलेक्टर ने बच्चों की सुविधा हेतु परिजन से बात करने के लिए मोबाइल फोन की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों को आश्वस्त किया कि एक-एक करके सभी समस्याओं को निश्चित रूप से निराकृत कर दिया जाएगा। इस दौरान घंघरी क्षेत्र में फ्लोराइड युक्त पानी की समस्या भी कलेक्टर के संज्ञान में आई जिसपर कलेक्टर ने फिल्टर प्लांट लगाए जाने पर चर्चा की और आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। बच्चों की समस्याओं के निराकरण के बाद कलेक्टर ने सीधे बच्चों से बात करते हुए उन्होंने अपने स्कूल के दिनों के अनुभव बच्चों के साथ साझा किए। उन्होंने कहा कि स्कूल और शिक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जीवन में विभिन्न परिस्थितियां आती है, अपनी पढ़ाई को अपना लक्ष्य बनाकर उसपर फोकस करें। उन्होंने बच्चों से अनुशासित रहने और अच्छे से पढ़ाई करने कहा। बच्चों ने भी संतुष्ट होकर बस से वापसी की। इस मौके पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिए कि हर सप्ताह अलग-अलग स्कूल, आश्रम और छात्रावासों का निरीक्षण करें और बच्चों से बात करके उनका फीडबैक लें। कलेक्टर ने बताया कि सीतापुर के पेटला में एकलव्य आवसीय विद्यालय भवन निर्माणाधीन है। वर्तमान में सत्र घंघरी छात्रावास भवन में संचालित हैं। कलेक्टर ने बताया कि नवीन भवन लगभग पूरी तरह तैयार है, जून में एकलव्य आवासीय विद्यालय को नए भवन में शिफ्ट कर लिया जाएगा। जिससे बच्चों की समस्याएं दूर होंगी।



# भाजपा नेता ने किया अस्पतालों में कंबल वितरण

- संवाददाता -

अंबिकापुर,27 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री व राहत सेवा समिति के अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं एक निजी अस्पताल में जरूरतमंद 30 लोगों को गर्म कपड़ा कंबल का वितरण किया। मनोज गुप्ता ने बताया कि जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण अभियान के रूप में चलाया जा रहा है, जब तक सरगुजा में कड़ाके की ठंड पड़ेगी वह अस्पतालों वह रैन बसेरा,फुटपाथ में जाकर लोगों को जरूरत के हिसाब से गर्म कपड़े का वितरण करते रहेंगे। गुप्ता ने यह भी बताया कि शहर में कहीं भी किसी को जरूरत हो तो उन्हें मोबाइल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं, वह तत्काल कंबल वह अन्य जरूरत की चीज उपलब्ध कराएंगे।

# जमीन फर्जीवाड़ा करने के मामले में तीन आरोपी किये गये गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

दूसरे का जमीन दिखाकर बेचने के नाम पर तीन लोगों ने एक टेलर से 2 लाख 30 हजार रुपए ठगी कर लिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अमीर हमजा अंसारी अंबिकापुर का रहने वाला है। वह टेलर का काम करता है। मुजीब अंसारी, मो. हासिम उर्फ बुधु एवं मो.मूर्तजा ने हमजा अंसारी से मिलकर घुटरापारा में 2 डिसमिल जमीन बिक्री करने की बात की। 2 लाख 30 हजार रुपए में जमीन का सौदा दय हुआ था। कोर्ट में प्रार्थी व आरोपियों के बीच अनुबंध तैयार किया गया। इसके बाद प्रार्थी ने रुपए दिए थे। रुपए देने के बाद जब प्रार्थी जमीन की रजिस्ट्री के लिए आरोपियों को बोला गया तो तीनों टाल मटोल करने लगे। शंका होने पर प्रार्थी ने जमीन के संबंध में पता लगाया तो पता चला की उक्त जमीन किसी और व्यक्ति के नाम है। हमजा अंसारी ने मामले की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोजिब अंसारी पिता अजीजुल अंसारी उम्र 38 वर्ष निवासी घुटरापारा, मो. हासिम उर्फ बुधु पिता स्व. अनवर अली उम्र 45 साल निवासी मायापुर, मो. मुतुर्जा अली पिता सईद अली उम्र 62 साल निवासी गुरुद्वारा वार्ड थाना कोतवाली अम्बिकापुर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राजेश सिंह, उप निरीक्षक अशोक मिश्रा, प्रधान आरक्षक सतीश उपाध्याय, आरक्षक शिव राजवाड़े, चंचलेश सोनवानी, रुपेश महंत शामिल रहे।



## 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मुम्बई के लिए रिमझिम मिश्रा व श्रेया दास का चयन

- संवाददाता -

अंबिकापुर,27 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। जिले के बास्केटबॉल खिलाड़ी रिमझिम मिश्रा व श्रेया दास का चयन छत्तीसगढ़ प्रदेश सिनियर बालिका बास्केटबॉल टीम के लिए हुआ है। 67 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मुम्बई, महाराष्ट्र में 28 जनवरी से 1 फरवरी तक आयोजित होना है। इस प्रतियोगिता में दोनों खिलाड़ी भाग लेंगे। इससे उनके परिवार में खुशी है। दोनों खिलाड़ी कोच राजेश प्रताप सिंह के देखरेख में बास्केटबॉल ग्राउंड गांधी स्टेडियम में अभ्यास करते हैं।

# भाजपा पार्षद ने साथियों के साथ घर में घुसकर की नर्स की पिटाई,चार गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।



शहर के घुटरापारा पुराना पानी टंकी चौक निवासी निशा सोनी पति संतोष सोनी नर्स है। अपने बेटे आशु सोनी के साथ रहती हैं। उसने कोतवाली में स्व. लरंगसाय वार्ड क्रमांक 23 घुटरापारा निवासी भाजपा पार्षद सिकंदर जायसवाल व उसके साथियों के खिलाफ घर में घुसकर उससे व उसके बेटे के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। नर्स ने बताया कि वह जन अधिकार परिषद नामक संस्था की सदस्य भी है तथा हर साल 15 अगस्त व 26 जनवरी को मोहल्ले के सोसायटी के पास चबूतरा बनाकर झंडा फहराती है। 26 जनवरी को भी झंडा फहराने पहुंची तो देखा कि पहले से झंडा फहरा हुआ है। मोहल्ले के ही कन्हैया बघेल द्वारा वहां झंडा फहराया गया था। जब उसने कन्हैया से पूछा तो वह उससे विवाद करने लगा कि वह किस हैसियत से झंडा फहराती है। जब उसने संस्था का सदस्य होने की बात कही तो वह विवाद करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उससे व उसके बेटे साथ गाली-गलौज व मारपीट की गई। नर्स का कहना है कि रात करीब 9 बजे भाजपा पार्षद सिंकदर जायसवाल, कन्हैया बघेल, आकाश गुप्ता उर्फ टिंकू, अजय सारथी समेत 15-20 लोग दरवाजा तोडक़र उसके घर में घुस आए और उससे तथा उसके बेटे से गाली-गलौज करते हुए लात-मुक्के से पिटाई की। इस दौरान उसके बेटे को भी उसे उठा ले गए, जिसे पेट्रोलिंग पर निकली पुलिस ने छुड़ाया। बताया जा रहा है कि नर्स के घर के पास जब पुलिस की पेट्रोलिंग टीम पहुंची थी तो पार्षद व उसके साथी उनसे भी उलझ गए व अभद्रता की। यही नहीं, बात जब थाने तक पहुंची तो पार्षद सहित करीब 2 दर्जन लोग थाने में बवाल मचाने लगे। नर्स की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 323, 506, 34 व 452 के तहत अपराध दर्ज कर पार्षद सिकंदर जायसवाल, कन्हैया बघेल, आकाश गुप्ता उर्फ टिंकू तथा अजय सारथी को गिरफ्तार किया है, वहीं अन्य साथियों की तलाश जारी है।

# जिला मुख्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 75 वां गणतंत्र दिवस,मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने ली सलामी

» महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की ली सलामी

» आकर्षक झांकी व मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की हुई प्रस्तुति, उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।





75वां गणतंत्र दिवस जिले में हर्षोल्लास व गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने पीजी कॉलेज के मैदान में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इसके पश्चात जिला पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल, जिला होमगार्ड, एन.सी.सी. कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया।

मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का राज्य की जनता के नाम गणतंत्र दिवस संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री द्वारा संदेश में शासन की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी और निर्णयों की जानकारी समाहित की गई जिसमें 18 लाख हितग्राहियों को पक्के आवास, घर-घर नल से जल प्रदाय, 12 लाख किसानों को धान बोनस के 3,716 करोड़ रूपए भुगतान, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी, सिंचाई के लिए निःशुल्क बिजलीः 1,123 करोड़ रूपए का प्रावधान, महतारी वंदन योजना में प्रतिवर्ष 12,000 रूपए की राशि, पारदर्शीता के साथ पीएससी तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन, विकसित भारत संकल्प यात्रा से लोगों को योजनाओं का लाभ, विशेष पिछड़ी जनजातियों के उत्थान के लिए पीएम-जनमन योजना के क्रियान्वयन के बारे में बताया गया। संदेश वाचन के पश्चात तिरंगे रंग के गुब्बारे आकाश में उड़ाये। उन्होंने देश सेवा करते हुए शहादत पाने वाले शहीदों के परिवारों से मिलकर उन्हें शाल एवं श्रीफल देकर उनका सम्मान किया। इसके साथ ही स्कूली बच्चों की सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोहा। इस दौरान विभागीय झांकियों का प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पुरस्कार वितरण एवं उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के बाद समारोह संपन्न हुआ।

### विभागीय झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

इस दौरान विभागीय झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं जिसमें विभागों से सम्बंधित योजनाओं का प्रदर्शन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की थीम पर आधारित जिला पंचायत की झांकी को प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर थीम, शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री योजना, पीएमजीएसवाय द्वारा पीवीटीजी बसाहटों में रोड कनेक्टिविटी, आदिवासी विकास विभाग द्वारा पहाड़ी कोरवा आदिवासी विद्यालय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पीएम आवास योजना, कृषि एवं सहायक विभाग द्वारा पीएम किसान सम्मान निधि एवं केसीसी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन, विद्युत विभाग एवं क्रेडा के द्वारा पीवीटीजी बसाहटों में बिजली कनेक्शन, जल संसाधन विभाग द्वारा बांधो के माध्यम से सिंचाई विस्तारीकरण, वन विभाग द्वारा वन धन केंद्र से आर्थिक सशक्तिकरण, उद्यानिकी विभाग द्वारा शेडनेट से बीजोत्पादन, नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा पीएम स्वनिधि एवं अफोर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट, स्वीप द्वारा मतदाता जागरूकता, जेल अधीक्षक के द्वारा सजा से सृजन, होमगार्ड द्वारा फायर एवं एसडीआरएफ रेस्क्यू द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया।

### मोहन राम को मिला कलेक्टर एक्सीलेंस अवार्ड

समारोह में अतिथियों के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के 125 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्री भोस्कर की पहल पर जिला कार्यालय अम्बिकापुर में विगत 30 वर्षों से कार्यालयीन कार्यों के साथ-साथ रात्रिकालीन चौकीदार के रूप में निष्ठापूर्वक ढंग से अपनी सेवाएं देने पर भृत्य श्री मोहन राम को कलेक्टर एक्सीलेंस अवार्ड 2024 प्रदान किया गया।

CMYK




# निर्दयी मां ने 8 माह के दूधमुंहे बच्चे का सोते समय गला रेतकर पेट में मार दिया चाकू...मौत

**» शराबी पति से आए दिन महिला का होता था विवाद**

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

सरगुजा जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के कुन्नी चौकी अंतर्गत गांव में एक मां ने ममता को तार-तार, कर दिया। पति की शराब की लत व आए दिन हो रहे विवाद से परेशान महिला ने 25 जनवरी की रात अपने 8 माह के दूधमुंहे बच्चे का गला रेतकर पेट में चाकू मार दिया। इससे बच्चे की मौत हो गई। बच्चे की हत्या करने के बाद 26 जनवरी की अलसुबह वह घर से फरार हो गई। दरअसल महिला ने घटना दिवस की रात पति से कहा था कि वह बच्चे को मार डालेगी और खुद भी जान दे देगी। इस हृदयविदारक घटना ने हर किसी को झकझोर दिया है कि आखिर एक मां अपने बच्चे की हत्या कैसे कर सकती है। इधर पति की रिपोर्ट पर पुलिस अब बच्चे की हत्या करने वाली मां की तलाश में जुट गई है। कुन्नी चौकी अंतर्गत ग्राम सकरिया निवासी पवन चौहान अपनी पत्नी फूलकुंवारी व 8 माह के बच्चे के साथ रहता था। बताया जा रहा है कि पवन शराब पीने का आदी है। इस वजह से उसका पत्नी के साथ आए दिन विवाद होता रहता था। पति की शराब की लत के कारण पत्नी परेशान रहती थी। 25 जनवरी की रात पति शराब के नशे में घर आया तो पत्नी से विवाद हो गया। इस दौरान गुस्से में पत्नी ने कहा कि वह बच्चे को मार डालेगी और खुद भी जान दे देगी। झगड़ा शांत होने के बाद पति-पत्नी अपने बच्चे के साथ सोए थे। निर्दयी मां ने 8 माह के दूधमुंहे बच्चे का सोते समय गला रेतकर पेट में मार दिया चाकू, फिर हो गई फरार26 जनवरी की अलसुबह करीब 4 बजे पति उठा और पत्नी से गुड़ाखू लाने कहा। इस पर पत्नी वहां से उठकर चली गई। इसी बीच जब पति की नजर बिस्तर पर लहूलुहान पड़े बच्चे पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए। बच्चे का गला रेता हुआ था तथा पेट की अंतडियां बाहर निकली थी। उसकी मौत हो चुकी थी। बच्चे की हत्या की सूचना पति ने कुन्नी चौकी में दी। सूचना मिलते ही पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और पंचनामा पश्चात बच्चे का शव बरामद कर पीएम पश्चात परिजन को सौंप दिया।



इस घटना से हर किसी को झकझोर कर रख दिया है। लोगों के मन में यह सवाल भी है कि कहीं महिला ने भी तो कोई घातक कदम तो नहीं उठा लिया है? पुलिस अब महिला की तलाश कर रही है।



# ऑटो चालकों को वर्दी पहनना व नेम प्लेट लगाना आवश्यक

– संवाददाता –
अंबिकापुर,27 जनवरी 2024 (घटती-घटना)।

एसपी के निर्देश पर यातायात नियमों के प्रजि जागरुक करने के उद्देश्य से शनिवार को यातायात थाना में ऑटो चालकों की बैठक ली गई। इस दौरान यातायात प्रभारी उप निरीक्षक विजय कुमार कैवर्त द्वारा वर्तमान में चल रहे सडक़ सुरक्षा माह अंतर्गत 2 फरवारी को प्रतीक्षा बस स्टैंड में आयोजित शिविर में नेत्र सम्बन्धी समस्या की जांच एवं ईलाज हेतु उपस्थित होने की अपील ऑटो चालकों से की। वहीं ऑटो चालकों को यातायात के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देकर यातायात नियमों का पालन करने की बात कही गई। नो पार्किंग जोन का सख्ती से पालन कर ऑटो स्टैंड में अपने वाहन खड़ी कर व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए। ऑटो चालकों को वर्दी पहनने, नेम प्लेट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान प्रधान आरक्षक दिनेश सिंह, आरक्षक पवन कनौजिया, लालमन सिंह, शिवप्रताप सिंह एवं काफी संख्या मे ऑटो चालक उपस्थिति रहे।










































# कोरिया विधायक भईया लाल राजवाड़े तो एमसीबी में मंत्री

# श्याम बिहारी जायसवाल ने राष्ट्रध्वज फहराया परेड की सलामी ली




## दुनिया का सर्वश्रेष्ठ भारतीय संविधान है-श्री राजवाड़े

## स्व.अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़वासियों को विकास के पंख प्रदान किए थे:श्री राजवाड़े

## दोनों जिले में उत्साह,उमंग और हर्ष के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

## राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वास्थ्य मंत्री व विधायक ने मुख्यमंत्री के संदेश का किया वाचन

-संवाददाता-
कोरिया/एमसीबी,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

गणतंत्र दिवस वह दिन है जिसे 'हम, भारत के लोग,' लोकतंत्र, विविधता और भारत की सामूहिक भावना के पर्व के रूप में मनाते हैं। 75 वें गणतंत्र दिवस के भव्य समारोह में बैकुंठपुर के आदर्श शासकीय रामानुज हायर सेकेंडरी स्कूल के मिनी स्टेडियम में मुख्य समारोह में बैकुंठपुर के विधायक भइया लाल राजवाड़े ने झंडा फहराया और इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जनता के नाम सन्देश का विधायक भइया लाल राजवाड़े ने वाचन किया।

उन्होंने इस अवसर पर गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई और कोटि-कोटि शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज के दिन, भारत के अमृत काल में, 75 वें गणतंत्र दिवस के रूप में एक सुनहरी कड़ी जुड़ रही है। यह पावन अवसर हमारे देश के महान संविधान की सफलता का सबसे बड़ा पर्व है। इस अवसर पर मैं महान नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट काम करते हुए देश को इस गौरवशाली मुकाम पर पहुंचाने वाली सभी विभूतियों को नमन करता हूं। वही 75 वे गणतंत्र दिवस समारोह रक्षित आरक्षित पुलिस मैदान आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ में मुख्य आतिथि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण छत्तीसगढ़ शासन) एवं कलेक्टर डी. राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं प्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। तत्पश्चात शांति के प्रतीक कपोत और रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाए और सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। गणतंत्र दिवस के 75 वीं वर्षगांठ की अवसर पर पुलिस एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट किया गया व परेड की सलामी दी गयी। परेड टुकड़ियों में भारत रक्षित वाहनी 18 वीं बटालियन, जिला पुलिस बल, जिला होमगार्ड, प्लाटून कमाण्डर फारेस्ट ऑफिसर, एनसीसी सीनियर और जूनियर डिविजन तथा स्काउट गाइड के कैडेट शामिल थे।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने शहीदों के परिवारों से मिलकर उन्हें शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने जिले के शहीद हुए जवानों के परिवार को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर तीन शहीद के परिवार जनों को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर शहीद परिवार के बच्ची को अपने गोद में लेकर दुलार किया।

### प्रदर्शन कर मनेन्द्रगढ़ विद्यार्थियों ने पायी वाहवाही

समारोह स्थल पर स्कूली विद्यार्थियों ने देश भक्ति गीतो पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान मंत्री श्री जायसवाल ने कार्यक्रम में प्रतिभागी बने सैंट पैट्रिक एकेडमी स्कूल के नन्हे सिपाही बने रियांश खरे को अपने पास बुलाकर हाथ मिलया तथा शाबाशी दी। जिले के विद्यार्थियों ने की प्रस्तुति देकर न सिर्फ वाहवाही पायी अपितु दर्शकों के भीतर रोमांच भी भर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सेंट पैट्रिक एकेडमी चौघड़ा को प्रथम स्थान, शासकीय कन्या छात्रावास मनेन्द्रगढ़ को द्वितीय स्थान तथा शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।






### एमसीबी जिले में हुई परेड प्रतियोगिता

समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान वन विभाग, डीईएफ -02 द्वितीय और तृतीय स्थान नगर सेना को प्राप्त हुआ। इसी प्रकार जूनियर वर्ग में गाइड को प्रथम स्थान, एनसीसी द्वितीय तथा स्काउट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष अनिल केशरवानी, वीरेन्द्र सिंह राणा, मीडिया प्रभारी संजय गुप्ता, जिला मंत्री सरजू यादव, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज केशरवानी, भाजयुमो जिला महामंत्री हिमांशु श्रीवास्तव, जे.के सिंह, राहुल सिंह , धर्मेन्द्र पटवा, किशन देव शाह, रवि सिंह, किशन सिंह, अल्का गांधी, उर्मिला राव, जया कर, कुसुम जायसवाल, अपर कलेक्टर अनिल सिदार, संयुक्त कलेक्टर, सीएस पैकरा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिलाषा पैकरा सहित अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक सहित अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे। मंच का संचालन संजय श्रीवास्तव एवं वीरांगना श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

इस अवसर पर मुख्य अतिथि और कलेक्टर-एसपी के द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें पुलिस विभाग से उत्कृष्ट विवेचना के लिए थाना मनेन्द्रगढ़ निरीक्षक अमित कौशिक, उत्कृष्ट विवेचना के लिए थाना खड़गवां उप निरीक्षक रामनयन गुप्ता, सहित अन्य 30 पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ठ कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीपी साहू (उप अभियंता), अशोक सिंह (सहायक ग्रेड -02), रामलालन सिंह (सहायक ग्रेड-03),टी. विजय गोपाल राव(व्याख्याता), शैलेश कुमार मिश्रा ( प्रधान पाठक ),एम.आई. इराकी( अधीक्षक), जयेंद्र कुमार साहू(डाटा एंट्री आपरेटर),विष्णु कान्त शुक्ला (डाटा एंट्री आपरेटर), आदित्य कुमार यादव (डाटा एंट्री आपरेटर), जीवन दीप महिला संकुल संगठन बहरासी(अध्यक्ष/सचिव), दिव्या नन्द तिवारी(सहायक ग्रेड-02), बादशाह(भृत्य),प्रभु दयाल सिंह (सहायक ग्रेड-03), सत्येन्द्र नाथ त्रिपाठी( ग्राम पंचायत खड़गवां मेट), बिहारी लाल शर्मा (वनपाल), मनोज कुमार (वन रक्षक), श्रवन कुमार जायसवाल( सचिव), कु0 उर्मिला सिंह (सचिव), पुष्पेन्द्र कुमार पाठक (सहायक ग्रेड-03), शिल्पा अग्रवाल( प्रशासनिक परियोजना अधिकारी पर्यवेक्षक) रविशंकर मिश्रा(कंप्यूटर ऑपरेटर), श्रीमती दीपू रजक (आ.बा.कार्यकर्ता), सोनुराम( सहायक प्रोग्रामर), देवेन्द्र प्रताप( लेखापाल), सुश्री हिमानी देवांगन( सहायक प्रोग्रामर), किरत रात्रे (निरीक्षक-क्षेत्राधिकारी), अरुण खाखा (सहायक उप निरीक्षक), रमणीक कुमार गुप्ता (कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा),कृष्ण प्रताप सिंह ( कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा),राज नारायण सिंह (कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा) धर्मेन्द्र(पावर लिफ्टिंग), संजीदा खातून(पावर लिफ्टिंग), कमला देवी (पावर लिफ्टिंग), संजय श्रीवास्तव (मंडल संयोजक), वीरांगना श्रीवास्तव (प्रधान पाठक) को स्वप्रेरणा एवं सेवा भाव से नियमित रूप से सहयोग प्रदान करने के लिये सम्मानित किया गया है।

### बलिदानियों को किया याद

श्री राजवाड़े ने कहा कि सबसे पहले मैं छत्तीसगढ़ महतारी के महान सपूतों अमर शहीद गेंद सिंह, शहीद वीर नारायण सिंह, वीर गुण्डाधूर को सादर नमन करता हूं, जिन्होंने हमारे प्रदेश को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा और पूरे छत्तीसगढ़ में त्याग-बलिदान, न्याय-समानता जैसे आदर्शों की अलख जगाई। उन्होंने राष्ट्रीय चेतना के विकास में आदिवासी अंचलों का अग्रणी योगदान दर्ज कराया था। बाद में इस राह पर चलकर प्रदेश के अनेक वीरों और राष्ट्र भक्तों ने स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई एवं प्रदेश और देश के विकास में योगदान दिया। ऐसी सभी विभूतियों को मैं सादर नमन करता हूं।

### दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान

श्री राजवाड़े ने कहा कि हम भारत के लोगों ने अपना संविधान बनाया और स्वयं ही इस संविधान को अधिनियमित और आत्मार्पित किया था। भारत के सुनहरे भविष्य की आधारशिला 26 जनवरी 1950 को, हमारे संविधान को लागू करने के साथ रख दी गई थी। हमारा संविधान, अतीत के अनुभवों, वर्तमान की जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर बनाया गया दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान है। 75 वर्षों का सफर बताता है कि हम एक सफलतम लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में स्थापित हुए हैं। मैं आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों का पावन स्मरण करता हूं, जिन्होंने सामूहिक बुद्धिमत्ता से संविधान रचकर हमारे गणतंत्र को राह दिखाई। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान समस्त नागरिकों को सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार- अभिव्यक्ति-विश्वास-धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता का अधिकार प्रदान करता है। इस तरह लोकतंत्रात्मक गणराज्य के रूप में भारत की पहचान, सफलता और अभूतपूर्व उपलब्धियों का परचम पूरी दुनिया में फहरा रहा है।

### देशवासी का माथा गर्व से ऊंचा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों, योजनाओं, कार्यक्रमों और अभियानों के कारण विगत लगभग एक दशक में देश ने सभी क्षेत्रों में बड़ी-बड़ी सफलताएं अर्जित की हैं, जिसके कारण एक ओर जहां प्रत्येक देशवासी का माथा गर्व से ऊंचा हुआ है, वहीं दूसरी ओर पूरी दुनिया ने भारत का लोहा माना है। अनेक क्षेत्रों में अब भारत, विश्व का नेतृत्व कर रहा है। हमारे गणतंत्र की गौरवगाथा से देश और प्रदेश के विकास को नए पंख मिले हैं।

### छत्तीसगढ़वासियों को विकास के पंख

हमारे राष्ट्रीय नेतृत्व और तत्कालीन माननीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा देकर, छत्तीसगढ़वासियों को विकास के पंख प्रदान किए थे। इस प्रकार 1 नवम्बर 2000 से छत्तीसगढ़ में विकास यात्रा शुरू हुई।

### सम्मान व पुरस्कार

जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जनसम्पर्क विभाग में पदस्थ एल.डी. मानिकपुरी द्वारा जिला प्रशासन व निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य के प्रचार प्रसार, समाचार, लेख-आलेख राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय तक प्रमुखता से प्रकाशित हुआ, इस उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र दिया गया। इसके अलावा गणतंत्र दिवस में बेहतर झांकी प्रदर्शनी के लिए जिला पंचायत को प्रथम पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल, सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, पत्रकार, अधिकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व जिलेवासी उपस्थित थे।

### झांकी प्रदर्शन में जिला पंचायत को मिला प्रथम पुरस्कार

विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित झांकी निकाली गई। जिसमें जिला पंचायत, पुलिस विभाग, वन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, आदिवासी विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, उद्यान विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशु विभाग, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, इसके साथ ही नगर निगम चिरमिरी एवं समस्त नगरीय निकाय प्रशासन विभाग की झांकियों का प्रदर्शन किया गया। झांकी प्रदर्शन में जिला पंचायत को प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस प्रकार गणतंत्र दिवस समारोह का समापन गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। झांकियों में कृषि विभाग की झांकी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, द्वितीय स्थान प्राप्त शासकीय आपदा विभाग तथा तृतीय स्थान पुलिस विभाग को प्राप्त हुआ।

### मनेन्द्रगढ़ में योगासन कर विवेक तिवारी ने सभी को किया चकित

पंतजली योग समिति के सदस्य विवेक तिवारी ने स्टेडियम में अनेक प्रकार के योगासन सभी को चकित कर दिया। जब तिवारी का योगसन समाप्त हुआ तो स्टेडियम तालियों की गूंज से गड़गड़ाने लगा।

# गणतंत्र दिवस पर विधायक श्रीमती रेणुका सिंह ने किया ध्वजारोहण





-संवाददाता-
सूरजपुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजपुर के स्टेडियम ग्राउंड में रेणुका सिंह, विधायक,भरतपुर सोनहत के मुख्य आतिथ्य में गणतंत्र दिवस समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने जिला मुख्यालय सूरजपुर के स्टेडियम ग्राउंड में होने वाले आयोजित समारोह में ध्वजारोहण कर, परेड की सलामी ली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के सन्देश का वाचन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कराये गये। जिसमें स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति की इसके साथ ही विभिन्न विभागों व योजनाओं की चलित झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमो पर आधारित झांकी निकाली गई। जिसमें जिला पंचायत, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग एवं जिला उद्योग एवं व्यापार विभाग द्वारा भव्य झांकी का प्रदर्शन किया गया। झांकी प्रदर्शन में जिला पंचायत में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही शासकीय विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। इस प्रकार गणतंत्र दिवस समारोह का समापन गरिमामय ढंग से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास एस पी आई कल्याण एलेसेला बाबूलाल अग्रवाल, भीमसेन गोयल, रामकृपाल साहू, बनारसी जायसवाल, कृष्ण अग्रवाल, रितेश गुप्ता, शशिकांत गर्ग, शशि तिवारी, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, राजकिशोर चौधरी, दीपेंद्र सिंह चौहान,नितेश सोनी देव गुप्ता, दीपक गुप्ता, कपिल पांडेय, विनय सिंह, मुकेश गर्ग, मुरली सोनी, अरविंद मिश्रा, प्रसून गोयल, आनंद सोनी, शांति सिंह, सरोज साहू, मार्तंड साहू प्रकाश दुबे व अन्य गणमान्य नागरिक, कलेक्टर रोहित व्यास और अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर शहीद के परिवार जनो को किया गया सम्मानित



आज गणतंत्र दिवस पर जिला सूरजपुर से शहीद के परिजनों को सम्मानित किया गया। जिसके तहत तीन शहीद के परिवार जनों को सम्मानित किया गया है। सम्मानित परिवार में सहायक प्लाटून कमांडर (एपीसी) शहीद श्री कृष्णानाथ किण्डो की धर्मपत्नी उषा किण्डो (प्रतापपुर प्रा. शाला केंवरा में शिक्षिका), शहीद प्लाटून कमांडर स्व. मानसिद्ध कुजूर की पुत्री सरिता कुजूर (प्र.आर. के पद भटगांव क्षेत्रांतर्गत महिला सहायता केन्द्र), शहीद आरक्षक राजकुमार केरकेट्टा की पुत्री नमिता केरकेट्टा (अनुकम्पा नियुक्ति पर महिला आरक्षक सूरजपुर) को सम्मानित किया गया।

## कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट में किया ध्वजारोहण



गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टर रोहित व्यास ने कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उसके पश्चात ध्वजारोहण कर सभी उपस्थित जनों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

# खड़गवां में जोरों से फल-फूल रहा संलग्नीकरण का खेल

**राज्य शासन के आदेश की भी नहीं है परवाह,और तात्कालिन कलेक्टर के आदेश की भी खुलेआम उड़ाई गई थी धज्जियां कब होगी कार्यवाही? क्या सरकार के बदलने के बाद इस तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी हटाए जाएंगे?**

**राज्य शासन के आदेश की भी नहीं है परवाह, और तात्कालिन कलेक्टर के आदेश की भी खुलेआम उडाई गई थी धज्जियां कब होगी कार्यवाही?**

**क्या सरकार के बदलने के बाद इस तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारी हटाए जाएंगे ?**



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

खड़गवां विकास खंड मुख्यालय में संचालनालय सेवायें छत्तीसगढ़ नवा रायपुर, छ.ग. द्वारा कुछ माह पूर्व अप्रैल 2023 को समस्त संभागीय संयुक्त संचालक सेवायें छत्तीसगढ़, समस्त शिक्षा विभाग एवं स्वास्थ्य अधिकारी छत्तीसगढ़ एवं अन्य विभागों को भी तत्काल प्रभाव से संलग्नीकरण समाप्त किये जाने हेतु आदेशित किया था,जिसे मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिले के तात्कालिक कलेक्टर महोदय ने गंभीरता से लेते हुए एक आदेश दिनांक 19/09/2023 को पत्र क्रमांक /2707/सथा 0/शिक्षा/2023--24 जिले अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यालयों द्वारा शिक्षकीय संवर्ग के कर्मचारियों को विभिन्न आदेशो के तहत अध्यापन एवं कार्यालयीन कार्यों हेतु व्यवस्था के तहत आदेशित किया गया था वर्तमान में शासन द्वारा संलगनीकरण समाप्त किए जाने हेतु निर्देशित किए गए हैं।

उक्त निर्देशानुसार को उनके मूल पदस्थापना हेतु कार्य मुक्त किया जाता है यह आदेश तत्काल प्रभाव शील होंगा लेकिन एम सी बी जिले के खड़गवां विकास खंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ फार्मासिस्ट और अन्य कर्मचारीओ पर लागू नहीं किया गया है। जो आज दिनांक तक अपने (संलग्न) कार्यरत संस्था से अपने मूल पदस्थ संस्था में पदस्थ नहीं हुए हैं।

इस तरह से शासन के आदेश एवं कलेक्टर के आदेश की खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उडाई जा रही है धज्जियां इसे देखकर ऐसा लगता है कि इन्हें शासन के और कलेक्टर के आदेश से कोई फर्क नहीं पड़ता है । संचालनालय स्तर से समय-समय पर संलग्नीकरण समाप्त किये जाने हेतु निर्देश एवं आदेश जारी किया गया है। जबकि खड़गवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पिछले तीस वर्षों से फार्मासिस्ट की पदस्थापना है उसके बाद भी बंजारीडाड कोरिया जिले के फार्मासिस्ट को संलग्नीकरण कर रखा गया है। एम सी बी जिले के नव पदस्थ कलेक्टर महोदय को संज्ञान लेकर संलग्न अधिकारी एवं कर्मचारीओ को उनके मूल पदस्थापना में पदस्थ किया जाए जिससे स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था प्रभावित ना हो सके और ग्रामीण जनता को शासन की योजना का लाभ भी मिल सके?

# कलेक्ट्रेट पहुंचा बिहारपुर,जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगों की समस्या का किया निराकरण

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

सूरजपुर दूरस्थ अंचल क्षेत्र बिहरपुर में शनिवार को क्षेत्रवासियों के समस्या के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर जनपद पंचायत ओड़गी, शिविर स्थल ग्राम पंचायत बिहारपुर के तहसील में आयोजित किया गया था। जिसमें एक बड़ी संख्या में आसपास के लगभग 20 से 25 गांव के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई थी। इस जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में लगभग 48 विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। शिविर में बैंक सखी, पीएम उज्जवला, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, आदिम जाति तथा अनुसूचित विकास विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, मछली पालन विभाग, पशुधन विकास विभाग, आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास योजना इत्यादि के




स्टॉल लगाये गए थे। इन स्टॉल मे अपनी समस्या के अनुरूप लोग पंजीयन काउंटर से रजिस्ट्रेशन करवा कर अपने संबंधित स्लॉट में पहुंच रहे थे। जहां स्लॉट में बैठे अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उनके समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए गये। शिविर में विभागों के विभागाध्यक्ष द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित जानकारियां भी दी गई ताकि शिविर में आए हुए पात्र हितग्राही इसका लाभ उठा सके। शिविर में आए हुए लोगों को राशन कार्ड नवीनीकरण, पीएम विश्वकर्म योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास इत्यादि योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई।

सरगुजा संभाग के संभागायुक्त गोविन्दराम चुरेन्द्र भी सिविल स्थल पर पहुंचे थे। जहां उन्होंने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण किया और स्लॉट में बैठे अधिकारियों से आए हुए आवेदन की वस्तु स्थिति के संबंध में जानकारी ली। राजस्व विभाग के प्रकरणों में उन्होंने नक्शा हुआ खसरा नंबर के मिलन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आरबीसी 6-4 में न्याय उचित कार्रवाई और फर्जी पट्टी के सत्यापन के लिए एसडीएम को निर्देशित भी किया। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जागरूक बनने की सलाह दी ताकि वो अपने अधिकारों का संरक्षण कर सके। ग्रामीण व्यवस्था के सबसे बड़े न्यायालय ग्राम सभा और ग्राम पंचायत को सशक्त करने की बात कही। इसके साथ ही शिविर में उपस्थित जनों को आज के सफल कार्यक्रम के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

कलेक्टर रोहित व्यास ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए बताया कि उनके आवेदनों का समाधान कारक निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वो क्षेत्र वासियों के आवेदनों का निराकरण तय समय सीमा में करें। अंत में उन्होंने शिविर में आए सभी सभी क्षेत्रवासियों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद कहा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, एसडीम सागर सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# विधायक ने घर जाकर मांगा छेरता

-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

भरतपुर सोनहत विधायक व पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र में छेरता मांगने निकली। विधायक रेणुका सिंह अपने विधानसभा क्षेत्र के केल्हारी पहुंची। यहां उन्होंने गोंड किसान परिवार के घर पहुंचकर छेर छेरता मांगा। इस दौरान विधायक ने सभी को छेरछेरा की बधाई दी। रेणुका सिंह ने इस दौरान अपनी बचपन की यादों को ताजा करते हुए की मैंने बचपन में खूब छेर छेरता मांगा है। स्कूल जाने के लिए घर से निकलती



थी और अपने सहपाठियों के साथ गांव में छेरता मांगने चली जाती थी। फिर जो भी खाद्य सामग्री छेरता में मिलती थी। उसे लेकर पिकनिक मनाने जाते थे।

विधायक ने छेर बरक दिन छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेरहेरा कहते हुए दान मांगा। इस दौरान लोगों ने उन्हें भेंट में चावल और आलू भी दिए। विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि छेरछेरा पुन्नी पर बच्चों, युवाओं, किसानों, मजदूरों और महिलाओं की टोली घर-घर जाकर दान मांगते हैं। धनी और गरीब एक दूसरे के घर दान मांगने जाते हैं। एकत्र धान, राशि और सामग्री गांवों में रचनात्मक कार्यों में लगाई जाती है। उन्होंने कहा, छेरछेरा की यह भावना है कि किसानों के उत्पादित फसल केवल उसके लिए नहीं बल्कि समाज के अभावग्रस्त और जरूरतमंद लोगों, कामगारों और पशु-पक्षियों के लिए भी काम आती है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य दृगपाल सिंह व भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

*सूरजपुर 27 जनवरी 2024 (घटती-घटना)। नेहरू पार्क में नगर पालिका के उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता ने किया ध्वजारोहण इस अवसर पर अध्यक्ष के के अग्रवाल सी एम ओ श्रीमती मुक्ता सिंह पार्षद गैबीनाथ साहू प्रवेश गोयल देव गुप्ता सहित पार्षदगण अधिकारी कर्मचारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।*



# कन्या जयनगर स्कूल में बैगलेस डे पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर हुआ रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



-संवाददाता-
सूरजपुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या जयनगर में बालिका दिवस के परिप्रेक्ष्य में प्रधान पाठक हर्षनारायण शर्मा के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं की छात्राओं ने भाग लिया,जिसमें खुशी, नीलू, मिंकी, चंद्रवती, राधा, चंदा, सुरभि, कांति, मानसी, नंदनी, चांदनी, रीमा, सजना, सलेश्मा, रिया, कुर्मीला, संस्कृति, इशिका, सोनाली, अंतरा, अंचला, सुधा, अंजना, गरिमा, सरिता, बिंदिया, बेल कुमारी, आइशा, रजनी, रागिनी ने अपनी सहभागिता दी । इस प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी जयनगर शिक्षा श्रीमती सफियाना खलखो, शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ के प्रधान पाठक गौतम शर्मा राज्यपाल पुरस्कृत व सहायक शिक्षिका प्राथमिक शाला जयनगर श्रीमती पूर्णिमा भगत रहे। निर्णायकों के निर्णय अनुसार रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी एवं ग्रुप,द्वितीय स्थान चंद्रवती एवं ग्रुप और तृतीय स्थान मिंकी एवं ग्रुप को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर शिक्षा के व्याख्याता शिप्रा यादव, पद्मश्री जायसवाल, स्वामी आत्मानंद विद्यालय जयनगर के व्याख्याता सुनील जायसवाल,प्राथमिक शाला जयनगर के सहायक शिक्षक परमेश्वर राम ,शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्रतिमा गुप्ता सहित सभी सदस्य व पालकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती सीमा सोनी, रीता देवी, गरिमा श्रीवास व लौकेश कुमार साहू का विशेष सहयोग रहा।



# 1440 नग नशीली टेबलेट के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार,थाना रामानुजनगर पुलिस की कार्यवाही

-संवाददाता-
सूरजपुर,27 जनवरी 2024
(घटती-घटना)।

रामानुजनगर पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला ने जिले के थाना-चौकी प्रभारियों को नशे के विरूद्ध जीरो टारलेस की नीति अपनाते हुए सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए है। इसी तारतम्य में दिनांक 26 जनवरी 2024 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि 2 व्यक्ति मोटर सायकल में नशीली दवाई लेकर सूरजपुर से नारायणपुर की ओर आ रहे है।

थाना रामानुजनगर पुलिस ने सूचना की तस्दीक व कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम नारायणपुर में घेराबंदी कर अनवर पिता स्व. रफीक उम्र 35 वर्ष निवासी नारायणपुर थाना रामानुजनगर को पकड़ा तथा दूसरा व्यक्ति पुलिस को देखकर मोटर सायकल लेकर भाग निकला। पकड़े गए व्यक्ति से नशीली टेबलेट 1440 नग जप्त किया गया है जिसकी बाजारू कीमत करीब 50 हजार रूपये है। मामले में नशीली टेलबेल जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर परीवीक्षाधीन डीएसपी स्निग्धा सलामे,एएसआई बिशुनदेव पैंकरा, मनोज पोर्ते,आरक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, गणेश सिंह व अमलेश्वर सिंह सक्रिय रहे।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202401020700221**

**विषयः- अ-6 मामले की श्रेणी-राजस्व सनः- 2023-2024**

**केशवपुर प.ह.न. 00024 (हे0) पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-भोटकू, अनावेदक पक्षकार-नानसाय,**

**ईश्तहार**

आवेदक भोटकू आ0 प्रेमसाय व अन्य, निवासी ग्राम केशवपुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम केशवपुर स्थित खसरा नंबर 196/2, 580 रकबा 0.124, 0.061 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों से मृत भूमि स्वामी स्व0 नानसाय का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 12/02/2024 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील | तहसीलदार, तहसील-अम्बिकापुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

**रा0प0क्र0-202401021200../ अ-6/2023-24**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक कुमार नामदेव, विकास नामदेव, अंकुर नामदेव, अंकित नामदेव आ0 स्व0 शोभनाथ, निवासी ब्रम्हपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा बताया गया कि गया श्रीमती कलावती देवी पत्नी स्व0 मायाराम नामदेव, निवासी-ब्रम्हरोड़, अम्बिकापुर के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 08, मोहल्ला-ब्रम्हरोड़, नगर अम्बिकापुर, स्थित नजूल भू-खण्ड क्रमांक 3223 रकबा 0.02 एकड़ दर्ज है। माननीय पंचम अपर जिला न्यायाधीश, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा के यहा व्यवहार वाद क्रमांक 71अ/2018 में अधिनिर्णय/आदेश पारित दिनांक 27/01/2022 के अनुसार आवेदक का नाम आवेदित भूमि के अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन पत्र अर्न्तगत धारा 109, 110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-31/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05/01/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर

# देश वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें...

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

देवेन्द्र राम-सरपंच
मुकेश गुप्ता-सचिव
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-इदरीपाठ,जनपद पंचायत-कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

प्रमोद कुमार-सरपंच
बी.के. गुप्ता-सचिव
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-लक्ष्मणपुर,जनपद पंचायत-कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

सुदर्शन उरांव
एसडीओ
अमरीश यादव,मिथलेश
चौबे,तनुज अम्बष्ट उपयंत्री
ग्रमिण यांत्रिकी विभाग कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

मनबहाल राम-सरपंच
ओमप्रकाश यादव-सचिव
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-गोपातु,जनपद पंचायत-कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

दिनेश पैकरा-सरपंच
वासुदेव राम-सचिव
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-नवडीहा,जनपद पंचायत-कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

सविता नगेशिया-सरपंच
मुनेश्वर पैकरा-सचिव
विजय कुमार-रोजगार सहायक
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-डूमरखोली,जनपद पंचायत-कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

अन्ना तिग्गा-सरपंच
भीमसेन राम-सचिव
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-नीलकंठपुर,जनपद पंचायत-कुसमी

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

बालम साय-सरपंच
विनेश राम प्रजापति-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-लिपिंग,जनपद पंचायत-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

पार्वती पैकरा-सरपंच
अमरजीत राजवाड़े-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-अंधला,कला,-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

नोहर साय मझवार-सरपंच
गुड्डा राम-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-सकरिया,जनपद पंचायत-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

श्रीमती जयंती सिंह-सरपंच
जुगुल राम-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-अंमगसी,जनपद पंचायत-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

श्रीमती सहोदरी उईके-सरपंच
केश्वर सिंह-सचिव
मुकेश सिंह-उपसरपंच
एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-गोरता, ुर्द,जनपद पंचायत-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

विनोद कुमार पैकरा-सरपंच
राजेश प्रजापति-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-रजपुरीकला,जनपद पंचायत-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

प्रदीप कुमार टोप्पो-सरपंच
घनश्याम सिंह-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-पुटा, ुर्द,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

प्रहलाद सिंह-सरपंच
रामसूरीत राम-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-इरगवा,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

श्रीमती संगीता कंवर-सरपंच
लाल साय-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-कोसंगा,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

श्रीमती कौशल्या तिर्की-सरपंच
रूपेन्द्र सिंह-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-रेम्हला,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

नारायण सिंह-सरपंच
रूपेन्द्र सिंह-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-केनापारा ,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

सोनसाय मझवार-सरपंच
धर्मेंद्र सिंह-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-पटकुरा,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

श्रीमती रामकली पैकरा-सरपंच
देव नारायण यादव-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-बिनीया,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

तुलाराम-सरपंच
राम गोपाल साहू-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-तीरकेला,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

श्रीमती गीता-सरपंच
राम गोपाल साहू-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-अरगोती ,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

कृष्णनाथ खैरवार-सरपंच
जगदीश तिर्की-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-लब्जी,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

रामरूप टेकाम-सरपंच
सत्यनारायण सिंह-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-अमदला,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

मंगल राठिया-सरपंच
जुगुल राम-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-कुन्नी ,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

लोकनाथ उरेर-सरपंच
बिगन राम-सचिव
उप सरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत- गुमगराकला ,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

प्रमोद सिंह-सरपंच
वंश राम-सचिव
उप सरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-लोसगी,ज.पं.-लखनपुर

**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...**

शांती पैकरा-सरपंच
केशव प्रसाद-सचिव
उपसरपंच एवं समस्त पंचगण
व ग्रामवासी

ग्राम पंचायत-कुंवरपुर,ज.पं.-लखनपुर

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर के लालबाग मैदान में किया ध्वजारोहण





## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जगदलपुर के लालबाग में तिरंगे को दी सलामी

**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर जगदलपुर के लालबाग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पुलिस, केंदीय अर्धसैनिक बल,नगर सेना,एनसीसी आदि की 14 टुकड़ियों के द्वारा सलामी दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने हर्ष और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे आसमान में छोड़े और प्रदेश के निरंतर विकास के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यो, नीतियों, योजनाओं पर केन्द्रित जनता के नाम संदेश का वाचन किया। बस्तर जिले में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई और विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से संबंधित झांकियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति, उत्कृष्ट परेड और झाँकी के विजेताओं को पुरस्कृत किए। जिसमें झांकी में आदिवासी विकास विभाग को पहला, पुलिस विभाग को दुसरा, जिला पंचायत और नगर निगम को संयुक्त रूप से तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। मार्च पास्ट के लिए शस्त्र सहित दलों में जिला पुलिस बल पुरूष को प्रथम सीआरपीएफ 80वीं बटालियन को दूसरों तथा सीआरपीएफ 241वीं बटालियन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शस्त्र रहित दल में एनसीसी स्वामी आत्मानंद स्कूल धरमपुरा को पहला, एनसीसी जूनियर जगतु माहरा हायर सेकेण्डरी स्कूल को दूसरा तथा एनसीसी जूनियर कन्या शाला क्रमांक-02 को तीसरा स्थान हासिल हुआ।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात की।कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफ्ना, पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप, पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, कमिश्नर श्री श्याम धावड़े, पुलिस महानिरीक्षक पी. सुन्दरराज, सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी,कलेक्टर विजय दयाराम के,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह, जिला एवं सत्र न्यायालय के न्यायाधीशगण, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन जगदलपुर अधिकारी प्रकाश सर्वे सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकगण और अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## राज्य वीरता पुरस्कार पर राज्यपाल ने चार बच्चों को किया सम्मानित

**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने राज्य के 4 बच्चों को उनकी विशेष वीरता, साहस एवं बुद्धिमत्ता के लिए राज्य वीरता पुरस्कार से सम्मानित किया। इस पुरस्कार के लिए इन बच्चों को 25 हजार रूपए की राशि और प्रशस्ति पत्र दिया गया है। इनमें मास्टर अरनव सिंह, मास्टर ओम उपाध्याय, मास्टर प्रेमचंद साहू और मास्टर लोकेश कुमार साहू शामिल हैं।



सरगुजा जिले के लक्ष्मीपुर में रहने वाले 16 वर्षीय मास्टर अरनव सिंह ने बताया कि 12 नवम्बर 2023 को अपने परिवार के साथ गृह ग्राम उदयपुर में दीपावली पूजन के उपरांत सहपरिवार रात्रि 11.30 बजे कार से अम्बिकापुर की ओर आ रहे थे। रात्रि लगभग 12.30 बजे साड़बहार बैरियर के पास पहुंचते ही उन्हें कुछ दूरी पर आग की ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई देने लगी। वहां जाकर देखा कि स्वच्छता चेतना पार्क के पास स्थित डंपिंग यार्ड में भीषण आग लगी हुई थी। मास्टर अनवर सिंह ने तत्काल 112 नम्बर पर कॉल किया। 15 मिनट के भीतर ही मणिपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ प्रशासनिक अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गये और वहां सो रहे तीन व्यक्तियों तथा चौकीदार को जगाकर उठाया एवं प्रशासन के सहयोग से सभी को सुरक्षित बाहर निकलवाया।

दुर्ग जिले के कृपाल नगर भिलाई निवासी दिव्यांग 16 वर्षीय मास्टर ओम उपाध्याय 20 दिसम्बर 2023 को सुबह 8.30 बजे अपने घर के पास छोटे-छोटे बच्चों के साथ खेल रहे थे। दूर खड़े ओम ने देखा कि कुछ खौफ़नाक कुत्ते बच्चों की ओर बढ़ रहे है, उसने पहले कुत्तों को वहां से भगाने का प्रयास किया, लेकिन एक कुत्ता आक्रमक हो गया और बच्चों की तरफ दौड़ने लगा। तब मास्टर ओम ने अपने जान की परवाह किए बगैर बच्चे को बचाया और आक्रमक कुत्ते को दौड़ने लगा, इस दौरान कुत्ते ने ओम के हाथ में दांत गड़ा दिया, लेकिन उसके बाद भी ओम नहीं रूका और कुत्ते को गली से बाहर सड़क पर छोड़कर छोटे-छोटे बच्चों की जान बचाई।

रायपुर जिले के रामपुर डंगनिया निवासी 9 वर्षीय मास्टर प्रेमचंद साहू और 13 वर्षीय मास्टर लोकेश कुमार साहू ने अपने वीरता का परिचय देते हुए तालाब में डूबते हुए बच्चे की जान बचाई है। इन बच्चों ने बताया कि 7 मार्च 2023 को दोपहर 1.30 बजे अपने 3 मित्रों लोकेश कुमार साहू, पुष्पेन्द्र साहू और प्रियांशु साहू के साथ डंगनिया तालाब में नहाने के लिए गए थे। नहाते समय 9 वर्षीय पुष्पेन्द्र का पैर फ़िसल जाने से तालाब की अधिक गहराई में जाकर डूबने लगा था। जिसे देखकर प्रियांशु साहू ने बचाने के लिए आवाज लगाई। लोकेश कुमार साहू एवं प्रेमचंद साहू ने अदम्य साहस एवं सूझबूझ का परिचय का देते हुए स्वयं की जान जोखिम में डालकर बालक पुष्पेन्द्र की जान बचाई।

## देश और दुनिया ने कर्तव्य पथ पर देखा बस्तर का मुरिया दरबार

### फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी उत्सुकता से निहारा,तालियां बजाई

**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** आज 75वें गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच बस्तर की आदिम जनसंसद विषय पर केंद्रित छत्तीसगढ़ की झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उत्सुकता के साथ झांकी का अवलोकन किया। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। झांकी में जगदलपुर के मुरिया दरबार और बड़े डोंगर के लिमऊ राजा को मुख्य रूप से प्रदर्शित किया गया था।




कर्तव्य पथ पर राज्यों की झांकियों की परेड में छत्तीसगढ़ की झांकी छठवें क्रम पर थी। उद्घोषणा में जनजातीय समाज मे आदिम काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और विषय वस्तु की प्राचीनता के बारे में जब बताया गया तो दर्शकों का कौतुहल बढ़ गया। उन्होंने तालियां बजाकर सराहना की। झांकी के समक्ष छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों ने मांदर की थाप और बांसुरी की धुन पर परब नृत्य का प्रदर्शन किया।

## घोटाला मामले को लेकर भाजपा नेता नरेश गुप्ता ने सीएस को लिखा पत्र

» **प्रशासनिक अधिकारियों पर अब तक कार्यवाही नहीं करने को लेकर उठाया सवाल**




**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेश चंद्र गुप्ता ने ईडी और इनकम टैक्स द्वारा छत्तीसगढ़ में हुए घोटालों में की गई कार्यवाही तथा इन विभागों के द्वारा राज्य सरकार को लिखे पत्रों के आधार कर कार्यवाही की मांग अलग-अलग समय में की थी। इन मामलों में अब किये गए एफ आईआर के बाद गुप्ता ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को पत्र लिखकर कहा है कि इन प्रकरणों में उन्होंने आजतक कोई कार्यवाही क्यों नहीं की, इसके बारे प्रदेश की जनता को जानकारी देनी चाहिए।

### महीनों पूर्व के आवेदन पर अब हुआ एफआईआर

बीजेपी नेता नरेश चंद्र गुप्ता ने लिखा है कि ईडी ने मार्च 2023 में एसीबी/ईओडब्ल्यू को इन दोनों मामलों में एफ आईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। लेकिन तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, ऐसे में उस समय एफआईआर दर्ज नहीं की गई, लेकिन अब सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य सरकार की इसी एजेंसी ने इन मामलों में एफ आईआर दर्ज कर लिया है।

### शराब घोटाले में नोएडा में भी दर्ज है एक एफआईआर

बता दें कि शराब घोटाले में एक एफ आईआर नोएडा में एसटीएफ ने नोएडा दर्ज की है। और इसमें आबकारी विभाग के सचिव व विशेष सचिव समेत पांच लोगों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में वरिष्ठ भाजपा नेता नरेश चंद्र गुप्ता को एसटीएफ ने बयान देने के लिए तलब किया था। दरअसल ये प्रकरण शराब की बोतलों में लगने वाले होलोग्राम से जुड़ा हुआ है, जिसके संबंध में नरेश चंद्र गुप्ता ने लिखित में अपना बयान देते हुए जानकारी दी थी कि किस तरह गलत तरीके से एक अपात्र फर्म को होलोग्राम बनाने का टेंडर दिया गया। होलोग्राफी कंपनी के एमडी विदु गुप्ता बताये गए हैं और उनका नाम भी एफ आई आर में दर्ज है।

### ईडीऔर आयकर ने दी पूरी जानकारी, मगर...

नरेश चंद्र गुप्ता ने उल्लेख किया है कि ईडी और आईटी ने समय-समय पर राज्य शासन को पत्र लिखकर कोल लेवी और शराब घोटाले में की गई कार्यवाही और वरिष्ठ अधिकारियों की संलिप्तता के बार में जानकारी दी थी। साथ ही इनके खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा, मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके अलावा नरेश चंद्र गुप्ता ने इस बारे में अप्रैल, अगस्त और नवंबर 2023 को शिकायत पत्र लिखा था, जिस पर एसीबी द्वारा अब कार्यवाही की जा रही है। मगर उनका कहना है कि इस संबंध में मुख्य सचिव द्वारा अधिकारियों के खिलाफ आजतक कोई विधिसम्मत कार्यवाही नहीं की गई, उन्हें इसकी वजह को सार्वजनिक करना चाहिए।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों में ईडी और आईटी द्वारा समय-पर अधिकारियों, व्यापारियों और अन्य संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही तो की गई, मगर तब की सरकार ने हर बार आरोपियों को बचाने का प्रयास किया। अब परिस्थितियां बदली हैं तो सरकार की ही एजेंसी ने संबंधितों के खिलाफ एफ आईआर दर्ज कर लिया है। इन मामलों में कार्यवाही के लिए समय-समय पर प्रयासरत भाजपा नेता नरेशचंद्र गुप्ता की कोशिश है कि इन मामलों में अब संबंधित अधिकारियों पर शासन की ओर से कानूनी कार्यवाही की जाये, जिसके लिए दबाव बनाने के लिए उन्होंने सीएस को पत्र लिखा है। बहरहाल देखना यह है कि अब इस मामले में शासन की ओर से क्या कदम उठाया जाता है।



## बस्तर की नन्ही परी ने अपने भाषण से सबको किया अचंभित

### खुद सीएम भी हुए कायल

**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** बस्तर की नन्ही परी दीक्षा ने अपने भाषण से सभी श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। जिसके कायल बड़े-बड़े वक्ता हो गए। वहीं सीएम विष्णुदेव साय ने भी प्रशंसा एक्स पर पोस्ट किया है। बस्तर संभाग के सुदूर अंचल किरंदुल से गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय विद्यालय में कक्षा तीसरी में पढ़ने वाली नन्ही बिटिया दीक्षा मिश्रा की अभिव्यक्ति का अंदाज देखते ही बनता है। जिसे सुनकर और बच्ची का आत्मविश्वास को देखकर आप भी आश्चर्य में पड़ जाएंगे।बस्तर संभाग के सुदूर अंचल किरंदुल से गणतंत्र दिवस पर केंद्रीय विद्यालय में कक्षा तीसरी में पढ़ने वाली नन्ही बिटिया दीक्षा मिश्रा की अभिव्यक्ति का अंदाज देखते ही बनता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नन्ही बिटिया को शुभकामनाएं देते हुए, उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, या किसी अन्य पर्व पर हमने-आपने कई बच्चों के भाषण सुने और देखे हैं। लेकिन आज हम आपको एक ऐसा भाषण सुनाने जा रहे हैं जो आपने शायद ही कभी सुना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश में बिजली की दरें बढ़ेंगी या नही, प्रक्रिया शुरू

**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में वित्तीय वर्ष 2024-25 बिजली के दाम बढ़ेंगे या नही इसके लिए बिजली की नई दरें तय करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।



तीनों प्रमुख सरकारी बिजली कंपनियों ने टैरिफ प्रस्ताव राज्य विद्युत नियामक आयोग को भेज दिया है। बिजली कपंनियों के प्रस्ताव का अध्ययन करने और जन सुनवाई के बाद राज्य विद्युत नियामक आयोग बिजली की दरें तय करेगा।जानकारी के अनुसार टैरिफ प्रस्ताव में कंपनियों की आय-व्यय के साथ वित्तीय जरुरतों की जानकारी आयोग को भेज दी गई है। आयोग ने इस प्रस्ताव का लिस्ट मांगा है, जिसके आधार पर उसका सार्वजिनक प्रकाशन कर दावा आपत्ति आमंत्रित की जाएगी। इसके बाद प्रस्तावों पर जन सुनवाई होगी। सभी पक्षों को सुनने के बाद आयोग नई दरें तय करेगा। कहा जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए इस वर्ष बिजली की दरों में कोई विशेष बदलाव नहीं नही किये जाऐंगे।

### पायलट ने ली कांग्रेस नेताओं की बैठक

**रायपुर,27 जनवरी 2024 (ए)।** विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद प्रदेश कांग्रेस संगठन ने अब लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में आज कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट ने कांग्रेसजनों की एक बैठक ली है।







प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)